शनिवार
15 अक्टूबर 2022



पृष्ठ 4

फेस्टिवल सीज़न में अपडेट करें मेकअप बैग



पृष्ठ 5

हॉलीवुड में डेब्यू करेंगी रुही सिंह



● देहरादून
● वर्ष 30
● अंक 247
● पृष्ठ 8
● मूल्य ₹ 1.00

**आज का विचार**

यह सच है कि पानी में तैरने वाले ही डूबते हैं, किनारे पर खड़े रहने वाले नहीं, मगर किनारे पर खड़े रहने वाले कभी तैरना भी नहीं सीख पाते।
— वल्लभ भाई पटेल

# दूनवैलीमेल

सांध्य दैनिक
आर.एन.आई.- 59626/94
email: doonvalley_news@yahoo.com Website: dunvalleymail.com
डीएवीपी से मान्यता प्राप्त

## एक लाख का इनामी खनन माफिया जफर अली मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार

विशेष संवाददाता

मुरादाबाद। जिस कुंडा कांड को लेकर उत्तराखंड और उत्तर प्रदेश की पुलिस के बीच मुकदमे बाजी हो रही है। उस घटना के सूत्रधार खनन माफिया मोहम्मद जफर अली को बीती रात पाकवाड़ा क्षेत्र में हुई एक मुठभेड़ में मुरादाबाद पुलिस द्वारा दबोच लिया गया है उस पर एक लाख रूपये का इनाम घोषित था।

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के आज होने वाले मुरादाबाद दौरे से पूर्व पुलिस को यह बड़ी सफलता मिली है। ठाकुरद्वारा में एसडीएम के साथ भिड़ंत के बाद सुर्खियों में आए खनन माफिया जफर को पकड़ने के लिए ही यूपी पुलिस कुंडा के भरतपुर गांव आई थी जहां स्थानीय लोगों के साथ हुई झड़पों में जिला पंचायत उपाध्यक्ष की पत्नी की मौत हो गई थी। इस हिंसक झड़प में उत्तर प्रदेश पुलिस के आधा दर्जन पुलिसकर्मी भी घायल हो गए। तथा खनन माफिया जो भुल्लर के घर शरण



लिए हुए था फरार होने में सफल हो गया। इस मामले को लेकर उत्तराखंड पुलिस और उत्तर प्रदेश पुलिस के बीच टकराव की स्थिति पैदा हो गई और दोनों राज्यों की पुलिस द्वारा क्रास एफआईआर दर्ज कराई गई थी।

फरार खनन माफिया जफर पर पहले यूपी पुलिस द्वारा 50 हजार का इनाम घोषित किया गया था लेकिन कुंडा कांड के बाद एडीजी जोन राजकुमार ने इसे बढ़ाकर एक लाख कर दिया था। बीती रात पाकवाड़ा क्षेत्र में जफर की मौजूदगी

**❑खनन माफिया जफर को पकड़ने ही आई थी यूपी पुलिस उत्तराखंड**
**❑योगी के मुरादाबाद दौरे से पहले पुलिस को मिली बड़ी सफलता**

का पता पुलिस को चला था। जिस पर पुलिस द्वारा उसकी घेराबंदी की गई तो जफर ने पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी जिसमें यूपी पुलिस का एक सिपाही संदीप घायल हो गया वहीं जफर के पैर में गोली लगी और पुलिस ने उसे बाइक और तमंचे के साथ गिरफ्तार कर लिया। मोहम्मद जफर जो 1लाख का इनामी


◀◀ शेष पृष्ठ 2 पर

## जल्द किया जाएगा पर्यटन पुलिस का गठनः सतपाल

विशेष संवाददाता

देहरादून। उत्तराखंड के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज का कहना है कि राज्य में जल्द ही पर्यटन पुलिस का गठन किया जाएगा जो पर्यटकों को जरूरी सुझाव देने और उनकी समस्याओं के समाधान के साथ पर्यटन स्थलों व विश्राम गृह में होने वाली अनैतिक गतिविधियों को रोकने का काम करेंगी।

पर्यटन मंत्री का कहना है कि लंबे समय से इस बात की जरूरत महसूस की जा रही है कि राज्य में पर्यटकों की मदद और उनकी समस्याओं के समाधान के लिए अलग पुलिस की व्यवस्था की जाए। उनका कहना है कि इससे पर्यटकों को उचित जानकारियां व परामर्श तो मिल ही सकेगा इसके साथ-साथ पर्यटकों की अनैतिक गतिविधियों पर भी रोक लगाई जा सकेगी। पर्यटन मंत्री का कहना है कि होमस्टे में किस तरह की गतिविधियां चल रही है और गंगा में बोतलों को ठंडा करने के लिए रखा जाना यह तो ठीक नहीं है। उन्होंने कहा कि सरकार इस दिशा में विचार कर रही है। कई राज्य



**❑पीडब्ल्यूडी के गेस्ट हाउस की कराई जाएगी मरम्मत**

ऐसे हैं जहां पर्यटन पुलिस की व्यवस्था है उनका कहना है कि अलग से पर्यटन पुलिस होगी तो पर्यटकों की अनैतिक गतिविधियों को रोकने में भी मदद मिलेगी तथा सरकार को भी इस बात की जानकारी मिल सकेगी कि कहां क्या हो रहा है। उनका कहना है कि जहां राजस्व पुलिस की व्यवस्था है उन क्षेत्रों में पर्यटक क्या कर रहे हैं या पर्यटकों के साथ क्या हो रहा है इसकी जानकारी नहीं मिल पाती है। उनका यह भी कहना है कि पीडब्ल्यूडी के जो खस्ताहाल या पुराने गेस्ट हाउस है पर्यटन विभाग उनकी मरम्मत कराकर उन्हें भी पर्यटन के उपयोग में लाने पर विचार कर रहा है।

## आतंकियों ने कश्मीरी पंडित की गोली मारकर की हत्या

जम्मू। जम्मू-कश्मीर में आतंकियों ने एक बार फिर टारगेट किलिंग की वारदात को अंजाम दिया है। इस बार उन्होंने बाहरी मजदूर की जगह कश्मीरी पंडित को निशाना बनाया है। आतंकियों ने पूरन कृष्ण भट को शोपियां के चौधरी कुंड चौराहे के पास गोली मारी गई। घटना शनिवार सुबह की है। उस समय पूरन कृष्ण भट अपने घर के बाहर थे। गोली चलने की आवाज सुनकर लोग इकट्ठा हुए और उन्हें अस्पताल ले गए, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। जम्मू कश्मीर पुलिस ने बताया कि आतंकवादियों ने एक अल्पसंख्यक नागरिक (कश्मीरी पंडित) पूरन कृष्ण भट को गोली मार दी। आतंकियों ने उस समय वारदात को अंजाम दिया जब वह शोपियां के चौधरी गुंड में बाग लगाने जा रहे थे। उन्हें तुरंत इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्होंने दम तोड़ दिया। पुलिस के मुताबिक, शोपियां के उस पूरे इलाके को घेर लिया है और सर्च ऑपरेशन जारी है। हाल के दिनों में आतंकियों ने कश्मीर में टारगेट किलिंग का तरीका अपनाया है। निशाना बनाकर गैर मुस्लिमों की हत्या की जा रही है। पिछले दिनों ऐसे मामले सामने आने के बाद जम्मू-कश्मीर प्रशासन ने गैर मुस्लिम सरकारी कर्मचारियों को सुरक्षित स्थानों पर ट्रांसफर किया था। ताजा घटनाक्रम के बाद कश्मीरी हिंदुओं में गुस्सा है। यहां लोगों ने सड़कों पर उतरकर प्रदर्शन किया।

## डेढ़ हजार से ज्यादा पुराने और अप्रासंगिक कानूनों को रद्द किया: पीएम मोदी

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शनिवार को कानून मंत्रियों और कानून सचिवों के अखिल भारतीय सम्मेलन के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए अप्रचलित कानूनों और त्वरित परीक्षणों को दूर करने के लिए कानूनी प्रणाली के निरंतर सुधार पर जोर दिया। साथ ही उन्होंने कहा कि कानूनी व्यवस्था को मानवीय दृष्टिकोण अपनाना चाहिए और विचाराधीन कैदियों के बारे में सहानुभूतिपूर्वक सोचना चाहि पीएम मोदी ने कहा कि अनावश्यक कानूनों को हटाने के लिए सरकार ने पिछले आठ वर्षों में अथक प्रयास किया।

उन्होंने कहा कि देश ने डेढ़ हजार से ज्यादा पुराने और अप्रासंगिक कानूनों को रद्द कर दिया है। इनमें से अनेक कानून तो गुलामी के समय से चले आ



रहे थे। पीएम ने कहा कि देश के लोगों को सरकार का अभाव भी नहीं लगना चाहिए और देश के लोगों को सरकार का दबाव भी महसूस नहीं होना चाहिए। उन्होंने कहा, स्वस्थ्य समाज के लिए मजबूत न्यायपालिका का होना जरूरी है। ऐसे में जरूरी है कि कानून बनाते हुए हमारा फोकस गरीब से गरीब भी नए बनने वाले कानून को अच्छी तरह समझ पाएं, इसपर होना चाहिए। हमारे समाज की सबसे बड़ी विशेषता ये है कि वो प्रगति के पथ पर बढ़ते हुए खुद में आंतरिक सुधार भी करता चलता है। हमारा समाज अप्रासंगिक हो चुके कायदे-कानूनों, गलत रिवाजों को हटाता भी चलता है। पीएम मोदी सम्मेलन को वर्चुअली संबोधित कर रहे थे।

पीएम मोदी ने कहा न्याय में देरी चुनौतियों में से एक है और इस मुद्दे को गंभीरता से लिया जा रहा है। पीएम मोदी ने स्थानीय भाषा के महत्व को जोड़ते हुए कहा कि कानून बनाते समय, ध्यान सरल भाषा पर होना चाहिए ताकि लोग कानूनों को समझ सकें। पीएम मोदी ने कहा, श्कुछ देशों में यह प्रावधान भी है कि जब कोई कानून बन रहा है तो यह भी तय होता है कि कानून कब तक लागू रहेगा। हमें उस दिशा में भी काम करना चाहिए।

दून वैली मेल

## संपादकीय

# पर्यटन विकास की उल्टी सोच

उत्तराखंड को पर्यटन प्रदेश बनाने की कोशिशों के बीच सूबे के पर्यटन मंत्री सतपाल महाराज की यह सोच कि पर्यटन विभाग ऐसी व्यवस्था विकसित करें जिससे कोई भी व्यक्ति साल में सिर्फ एक बार ही चार धाम यात्रा पर आ सके इससे अधिक नही, क्यों यह पर्यटन को हतोत्साहित करने वाली बात नहीं है। एक तरफ सरकारी स्तर पर पर्यटकों को आकर्षित करने की कोशिशें की जाती हैं और यह प्रयास किए जाते हैं कि अधिक से अधिक चार धाम यात्री उत्तराखंड आए वहीं पर्यटन मंत्री यह प्रतिबंध लगाने की बात कर रहे हैं कि 1 बार से अधिक कोई चार धाम यात्रा पर न आए। दरअसल चालू चार धाम यात्रा सीजन में चारधाम यात्रियों की जो भारी भीड़ देखने को मिली है उससे पर्यटन मंत्री को ऐसा लग रहा है कि उन्होंने पर्यटन में झंडे गाड़ दिए लेकिन हकीकत यह है कि इस भीड़ के पीछे कोरोना काल में 2 साल यात्रा का बाधित रहना है। जो लोग 2 साल से चार धाम यात्रा पर आने का मन बनाए बैठे थे उन्हें मौका मिला तो वह चार धाम यात्रा के लिए निकल पड़े। यही कारण है कि इस साल अब तक सबसे अधिक संख्या में 43 लाख श्रद्धालु चार धाम यात्रा पर आ चुके हैं और अभी शेष बचे समय में 2 लाख और भी आ सकते हैं तथा यह संख्या 45 लाख तक पहुंच सकती है। लेकिन इस संख्या पर पर्यटन मंत्री को इतना खुश होने की जरूरत नहीं है कि यात्रियों पर पाबंदी लगाने की बात सोचने लगे। 2013 में आई केदारनाथ आपदा के बाद जैसे-तैसे तो इस साल चार धाम यात्रा पटरी पर आई है। पर्यटन मंत्री को अगर किसी मुद्दे पर सोचने की जरूरत है तो वह है चार धाम यात्रा की सुरक्षा व्यवस्था पर। पर्यटन मंत्री को इस बात पर विचार करना चाहिए कि इस साल चार धाम यात्रा के दौरान सबसे अधिक यात्रियों की मौतें हुई है और इसका कारण रहा है यात्रा व्यवस्थाओं की खामियां। लोगों को बीमार होने पर उचित इलाज न मिल पाना। धामों में उनके ठहरने की खाने पीने की उचित व्यवस्था न होना। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने इस यात्रा के दौरान खुद केदार धाम यात्रा मार्ग पर फैली गंदगी पर संज्ञान लेते हुए यात्रियों से सफाई व्यवस्था में सहयोग की अपील की थी। यात्रा के दौरान यात्रियों की समस्याओं को लेकर इस साल रिकॉर्ड समाचार व शिकायतें आई इस पर पर्यटन मंत्री का कोई ध्यान नहीं है उन्हें सिर्फ 45 लाख की संख्या दिख रही है और रिकॉर्ड बुक दिख रही है। बद्रीनाथ और केदारनाथ धाम में अगर केंद्र सरकार द्वारा पुनर्निर्माण के काम न कराए गए होते तो आज इन धामों की स्थिति क्या होती? यह भी पर्यटन मंत्री के लिए एक विचारणीय सवाल है। बीते दो दशकों में अगर सूबे की सरकारों ने राज्य के पर्यटन के विकास पर फोकस किया गया होता तो आज स्थिति कुछ और ही होती मगर अभी भी इसे लेकर सिर्फ बातें ज्यादा की जा रही है और काम कम हो रहा है।

## सीएम धामी ने वरिष्ठ पत्रकार पुष्कर राज कपूर के निधन पर दुख जताया

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने वरिष्ठ पत्रकार पुष्कर राज कपूर के निधन पर दुःख व्यक्त किया। मुख्यमंत्री ने दिवंगत आत्मा की शांति और शोक संतप्त परिवारजनों को धैर्य प्रदान करने की ईश्वर से कामना की है।

## एक लाख का इनामी खनन माफिया जफर...

▶▶ पृष्ठ 1 का शेष

खनन माफिया है डिलारी थाना क्षेत्र के काकड़ खेड़ा गांव का रहने वाला है। उत्तराखंड के भरतपुर गांव की घटना के बाद फरार हुए जफर को पकड़ने के लिए 10 टीमें लगाई गई थी। मुठभेड़ में घायल जवान को इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया जहां पुलिस अधिकारियों ने उससे पूछताछ की।


*व्युषा आवः पथ्या जनानां पञ्च क्षितीर्मानुषीर्बोधयन्ती।*
*सुसंदृग्भिरुक्षभिर्भानुमश्रेद्वि सूर्यो रोदसी चक्षसावः॥*

(ऋग्वेद ७-७९-१)

स्वयं प्रकाशित परमेश्वर सभी पांच प्रकार के मनुष्यों (ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य, शूद्र और निषाद, मनुष्य का प्रकार अपनी अर्जित क्षमताओं के अनुसार जीवन में परिवर्तनशील है) पर अपने ज्ञान का प्रकाश डालता है। सभी मनुष्यों को उस प्रकाश को पहचानना और ग्रहण करना चाहिए।

The self-luminous Supreme Lord casts the light of His knowledge on all the five types of human beings (Brahmin, Kshatriya, Vaishya, Shudra and Nishad; the type of man is changeable in life according to his own acquired capabilities). All human beings should recognise and receive that light. (Rig Veda 7-79-1)

# वॉशिंग मशीन से कपड़े धोने के बाद भी आ रही है बदबू?



गंध से छुटकारा पाने के लिए कपड़ों को तेज धूप में सुखाना चाहिए। वॉशिंग मशीन को समय-समय पर साफ करते रहें। कपड़ों से बैक्टीरिया को दूर करने के लिए सिरके का इस्तेमाल करें। धुलाई युक्तियाँ- आज अधिकांश लोग जीवन को आसान बनाने के लिए वाशिंग मशीन का उपयोग करते हैं। कपड़े धोने की मशीन से कपड़े धोने से मेहनत और समय दोनों की बचत होती है। कई बार किसी अच्छी कंपनी का डिटर्जेंट और वॉशिंग मशीन इस्तेमाल करने के बाद भी कपड़ों में बदबू बनी रहती है। खासकर बरसात के मौसम में यह बदबू सारी मेहनत को बर्बाद कर देती है। कपड़ों से बदबू आने के कई कारण हो सकते हैं जैसे नमी, डिटर्जेंट की गंध या कपड़ों की ठीक से सफाई न करना। ऐसे में कपड़े फिर से धोने के अलावा कोई विकल्प नहीं बचा है। आइए जानते हैं कुछ ऐसे घरेलू नुस्खे जिनकी मदद से आप कपड़ों से आने वाली बदबू से छुटकारा पा सकते हैं।

कपड़े पूरी तरह से सुखा लें

कपड़ों से आने वाली गंध कई लोगों को परेशान कर सकती है। स्पीडक्लीन डॉट कॉम के मुताबिक वॉशिंग मशीन में कपड़े धोने के बाद भी अगर बदबू बनी रहती है तो इसे दोबारा धोने की जगह तेज धूप में पूरी तरह सुखाया जा सकता है. कपड़ों को तेज धूप में सुखाने से बदबू काफी हद तक दूर हो जाती है।

डिटर्जेंट में कटौती

वॉशिंग मशीन में धोने के बाद अगर कपड़ों से बदबू आती है तो इसका कारण कपड़ों में बचा हुआ अतिरिक्त डिटर्जेंट हो सकता है। कपड़ों में बचा हुआ डिटर्जेंट बैक्टीरिया को बढ़ावा देता है, जिससे त्वचा संबंधी समस्याएं हो सकती हैं। इसलिए मशीन में जितनी जरूरत हो उतनी ही डिटर्जेंट का इस्तेमाल करें।

सिरके का प्रयोग करें

कभी-कभी धुले हुए कपड़ों से भी फफूंदी लगने से बदबू आने लगती है। सिरके का इस्तेमाल फफूंदी से छुटकारा पाने के लिए किया जा सकता है। कपड़े धोते समय वॉशिंग मशीन में डिटर्जेंट में थोड़ा सा सिरका मिलाने से कपड़ों की बेहतर सफाई करने में मदद मिलती है और साथ ही बैक्टीरिया भी मर जाते हैं।

मशीन को साफ करें

वॉशिंग मशीन में पनपने वाले बैक्टीरिया या कीटाणु कपड़ों में दुर्गंध का कारण हो सकते हैं। कपड़े के साथ-साथ वॉशिंग मशीन की साफ-सफाई पर भी ध्यान देना जरूरी है। हर 15 दिन में मशीन की सफाई जरूरी है। कई बार वॉशिंग मशीन में लगे रबर पर डिटर्जेंट या गंदगी जमा हो जाती है, जिससे उसमें बैक्टीरिया पनप जाते हैं। बेहतर होगा कि मशीन की सफाई के लिए किसी विशेषज्ञ की सलाह ली जाए।

# सुबह खाना जल्दी बनाने के लिए रात में ही करें यह काम

हम खाना बनाने की कितनी ही जल्दी क्यों न करें लेकिन अक्सर लेट हो ही जाते हैं। यह प्रॉब्लम तब और भी ज्यादा बढ़ जाती है जब आप आपको ऑफिस या कॉलेज जाना हो। सुबह के समय जल्दी, टेस्टी और बिना थके बनाना किसी टास्क से कम नहीं है। ऐसे में हम आपके लिए लाए हैं कुछ कुकिंग टिप्स-

रात को सब्जियां काटकर फ्रिज में रखी जा सकती हैं। ऐसा करने से आपका काफी समझ बच जाएगा। खासकर अगर आप मल्टीपल डिशेज बनाने वाले हैं, तो यह काम जरूर करें।

राजमा, चना और दाल ऐसी चीजें हैं, जिन्हें पकने के लिए काफी टाइम चाहिए होता है इसलिए आपको इसे भिगाकर रखना चाहिए। जिससे कि आपको कम से कम टाइम देना हो। इन्हें भिगाने से पौष्टिकता तो बढ़ती ही है। साथ ही जल्दी भी पक जाते हैं। सुबह उठकर आप कम पैनिक होंगे, अगर रात में आप किचन को साफ करके सोएंगे, इससे आपकी काफी मेहनत बच जाएगी और आपको कोई भी सामान तलाशने के लिए मेहनत नहीं करनी पड़ेगी।

आप अगर सुबह उठकर सोचेंगे कि क्या बनाएं, तो ऐसा सोचने में ही काफी टाइम खराब हो जाएगा इसलिए अच्छा यही होगा कि घर के लोगों की पसंद और नापसंद का ख्याल रखते हुए आप रात में ही डिसाइड कर लें कि आपको क्या बनाना है। इससे घर के मेंबर्स के मूड और आपका टाइम दोनों बच जाएगा।

# हाथों को मॉइश्चराइज और मुलायम बनाए रखने में मदद कर सकते हैं स्क्रब

चेहरे को निखारने के लिए लोग न जाने क्या कुछ नहीं करते हैं, लेकिन वे हाथ जैसे शरीर के अन्य अंगों पर ध्यान देना भूल जाते हैं। हाथों को भी अतिरिक्त देखभाल की जरूरत होती है। ऐसा न करने पर हाथों पर डेड स्किन सेल्स या फिर कालापन आ सकता है। हालांकि, आप चाहें तो कुछ होममेड स्क्रब का इस्तेमाल करके हाथों को खूबसूरत बना सकते हैं। चलिए फिर इन्हें बनाने और इस्तेमाल करने का तरीका जानते हैं।

जैतून के तेल और चीनी का स्क्रब

चीनी त्वचा को एक्सफोलिएट करने में मददगार है, जबकि आवश्यक फैटी एसिड से भरपूर जैतून का तेल त्वचा को मॉइश्चराइज करने में सहायक है। ऐसे में इन दोनों से बना स्क्रब हाथों के लिए लाभदायक है। स्क्रब बनाने और लगाने का तरीका- आधा कप चीनी में एक बड़ी चम्मच जैतून का तेल और लैवेंडर ऑयल की 10-15 बूंदें मिलाएं, फिर इस मिश्रण से अपने हाथों की दो मिनट तक मसाज करें। अब हाथों को हल्के गर्म पानी से धो लें।

एंटी-इंफ्लेमेटरी गुणों से भरपूर नारियल का तेल हाथों को पोषण प्रदान करने में सहायक है, जबकि एप्सम सॉल्ट डेड स्किन सेल्स को हटाता है। स्क्रब बनाने और लगाने का तरीका- एक कप एप्सम सॉल्ट में एक कप नारियल का तेल मिलाएं और फिर इसमें किसी भी एसेंशियल ऑयल की तीन-चार बूंदें और विटामिन- ई ऑयल मिलाएं। इसके बाद गीले हाथों पर इस मिश्रण से 20 मिनट तक स्क्रब करने के बाद उन्हें पानी से धो लें।

# हथियारबंद बदमाशों ने लूटे मिनी बैंक संचालक से लाखों रुपये

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। बहादराबाद क्षेत्र में बाइक सवार दो बदमाशों ने हथियारों के बल पर घर लौट रहे मिनी बैंक संचालक से करीब सवा लाख रुपए की लूट की घटना को अंजाम दिया है। विरोध करने पर बदमाशों ने संचालक को गोली मारने की धमकी दी। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर लुटेरों की तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार बौंगला बहादराबाद निवासी विनोद पुत्र हुकम सिंह रावली महदूद रानीपुर क्षेत्र में पंजाब नेशनल बैंक का मिनी बैंक संचालित करते हैं। बीती रात करीब 11 बजे जब वह अपनी स्कूटी से घर लौट रहे थे तो इस दौरान पुराने पथरी पावर हाउस के पास कच्ची सड़क पर पीछे से बाइक सवार दो लोग आये और उन्हे रोक लिया। बताया जा रहा है कि इससे पहले कि वह कुछ समझ पाते पीछे बैठे युवक ने तमंचा दिखाकर 1 लाख 22 हजार रुपयों से भरा बैग उनसे छीन लिया। जब उन्होंने बदमाशों का विरोध करना चाहा तो बदमाशों ने उन्हें गोली मारने की धमकी दी। लूट की वारदात को अंजाम देने के बाद दोनों लुटेरे फरार हो गए। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर इलाके में कॉम्बिंग की। लेकिन बदमाशों का कुछ पता नहीं चल सका। पुलिस ने पीड़ित से घटना की तहरीर लेकर लुटेरों की तलाश शुरू कर दी है।

# अमेरिका में पाकिस्तानी वित्तमंत्री को देख लगे चोर -चोर के नारे

वाशिंगटन। पाकिस्तान में सत्ता परिवर्तन के बाद से ही लगातार आर्थिक संकट गहराता जा रहा हैं , जिसके लिए विदेशों में पाकिस्तान के लोग वर्तमान सरकार को जिम्मेदार ठहरा रहे हैं। पाकिस्तान के कई मंत्रियों को विदेशी मंचों पर भी अपने लोगों का भारी विरोध झेलना पड़ा हैं। अमेरिका में पाकिस्तान के वित्तमंत्री को देख लोगों ने चोर -चोर के नारे लगाकर कोसना शुरू कर दिया। जिसका वीडियो सोशल मीडिया पर भी वायरल हो गया हैं। आपको बता दे कि पाकिस्तान के वित्तमंत्री इशाक डार अमेरिका में एक इंटरनेशनल मुद्रा कोष की बैठक में हिस्सा लेने के लिए अमेरिका गए थे , जंहा उन्हें देख पाकिस्तान के प्रवासी लोगों को गुस्सा आ गया, लोगों ने वित्तमंत्री को पाकिस्तान के आर्थिक हालात देखते हुए उन्हें चोर बोलना शुरू कर दिया। सोशल मीडिया पर वायरल वीडीयो में देखा जा सकता हैं कि पाकिस्तान के वित्तमंत्री इशाक डार को एक व्यक्ति सीधे तौर पर चोर कहकर सबोंधित मुल्क आर्थिक हालात का विरोध जता रहा हैं। जिसको वित्तमंत्री का एक अधिकारी गुस्सा से लाल हो जाता हैं। अधिकारी विरोध करने वाले लोगों से कहता हैं कि आप चिल्लाओं मत, अपना मुंह बंद रख। जिसके बाद अधिकारी व विरोध करने वाले शख्स के साथ गर्मागर्म बहस भी होती हैं।

बता दे की पाकिस्तान की आर्थिक हालात काफी नाजुक स्थिति में हैं , इस्लाम के नाम पाकिस्तान कई आतंकी सगंठन प्रतिदिन खून -खराबा कर रहे हैं। पाकिस्तान श्रीलंका की तरह ही चीन के कर्ज तले दबा हैं। जिसको चुका पाने में वह सक्षम नहीं हैं।

# ऑस्ट्रेलिया में भारतीय छात्र पर चाकू से जानलेवा हमला

सिडनी। ऑस्ट्रेलिया में एक भारतीय छात्र पर चाकू से जानलेवा हमला हुआ। हमले के बाद भारतीय छात्र की हालत गंभीर बताई जा रही है। बताया जा रहा है कि घटना पिछले सप्ताह की है। सिडनी में आरोपी ने भारतीय छात्र पर चाकू से 11 बार वार किया। फिलहाल, छात्र को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। जानकारी के मुताबिक, 28 साल का भारतीय छात्र शुभम गर्ग आगरा का रहने वाला है। शुभम सिडनी के न्यू साउथ वेल्स यूनिवर्सिटी से पीएचडी कर रहा है। आरोपी ने शुभम पर 6 अक्टूबर को हमला किया था। घटना की जानकारी के बाद शुभम के माता-पिता ऑस्ट्रेलिया जाने के लिए वीजा पाने की कोशिश में जुटे हैं। उन्होंने बताया कि पिछले साल एक सितंबर को आईआईटी मद्रास से ग्रेजुएशन करने के बाद शुभम ऑस्ट्रेलिया गया था। ऑस्ट्रेलियाई मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, शुभम से 6 अक्टूबर की रात करीब 10.30 बजे एक सड़क पर एक व्यक्ति ने संपर्क किया। उस व्यक्ति ने कथित तौर पर नकदी की मांग की और उसे धमकी दी। उसने मना किया तो हमलावर ने भागने से पहले उस पर चाकूओं के 11 बार वार किया। घटना के बाद शुभम किसी तरह भागकर पड़ोस के एक घर में गया जहां से उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। शुभम के चेहरे, छाती और पेट पर कई घाव हैं। भारतीय छात्र पर हमले की सूचना के बाद सिडनी पुलिस ने 27 साल के एक व्यक्ति को हत्या के प्रयास के आरोप में गिरफ्तार किया गया है।

# सरकार ने एक राहत दी है, भूखे रहने पर कोई जीएसटी नहीं: पप्पू यादव

पटना। जाप प्रमुख पप्पू यादव ने जीएसटी टैक्स में रोटी और पराठे को अगल-अलग श्रेणियों में रखते हुए उन पर क्रमश: 5 फीसदी और 18 फीसदी टैक्स वसूले जाने के गुजरात अपीलेट अथॉरिटी ऑफ एडवांस रूलिंग (जीएएआर) के फैसले का विरोध करते हुए इसके लिए मोदी सरकार को कटघरे में खड़ा किया है। केंद्र सरकार के मुखर आलोचक पप्पू यादव ने जीएएआर का फैसला आने के बाद ट्वीट करते हुए जीएसटी टैक्स सिस्टम पर तंज कसते हुए कहा, ष्पराठों पर अब 18 फीसदी जीएसटी, चपाती पर बस 5 फीसदी जीएसटी। सरकार ने एक राहत दी है, भूखे रहने पर कोई जीएसटी नहीं।

जीएएआर ने शुक्रवार को दिये एक अहम फैसले में भारतीय नागरिकों के आम तौर पर लोकप्रिय भोज्य सामग्री रोटी और पराठों पर टैक्सों की अलग-अलग दर निर्धारित करके उन्हें दो श्रेणियों में बांट दिया है। जीएएआर ने रोटी के मुकाबले पराठे को लग्जरी खाद्य मानते हुए उस पर 18 फीसदी जीएसटी वसूलने का फरमान सुनाया है, वहीं रोटी पर 5 फीसदी जीएसटी यथावत बना रहेगा।

जीएएआर की दो सदस्य विवेक रंजन और मिलिंद तोरवाने की बेंच ने रोटी और पराठे के बीच अलग-अलग टैक्स का प्रावधान इस कारण किया क्योंकि अथॉरिटी के सामने अहमदाबाद की वाडीलाल इंडस्ट्रीज ने एक याचिका दायर की थी। वाडीलाल इंडस्ट्रीज ने अपनी याचिका में यह कहा था कि सामान्य रोटी और उनके रेडी टू कुक यानि फ्रोजेन पराठों के बीच बहुत ज्यादा समानता है क्योंकि दोनों मूलरूप से आटे से बनते हैं। इसलिए दोनों पर 5 फीसदी टैक्स लिया जाए। लेकिन बेंच के विद्वान जजों ने वाडीलाल इंडस्ट्रीज के तर्कों को खारिज करते हुए कहा कि पराठे और रोटी समान नहीं हैं।

# शी जिनपिंग के खिलाफ चीन में हो रहा है जमकर प्रदर्शन!






बीजिंग। चीन में शी जिनपिंग के खिलाफ इस वक्त जमकर प्रदर्शन होने शुरू हो गए हैं। चीनी जनता को अब ऐसे नेता की जरूरत है जो उनकी बातों को सुने और देश हित में फैसले ले। दुनिया के साथ दोस्ताना रिश्ता बनाकर चले न कि उलझकर चले। शी जिनपिंग जनता के मन पर खरे नहीं उतर सके हैं। ऊपर से जीरो कोविड पॉलिसी ने तो शी को लोगों के मन से एकदम उतार दिया। हालांकि, इन सबके बाद भी शी जिनपिंग की तीसरी बार ताजपेशी के लिए तैयार बैठे हैं। राजधानी बीजिंग में 16 अक्टूबर को चीन की सत्तारूढ़ कम्युनिस्ट पार्टी के नेता जमा होंगे और शी जिनपिंग को तीसरी बार देश की कमान सौंप सकते हैं। लेकिन, 5 साल बाद होने वाले इस अहम बैठक से पहले चीन में जमकर प्रदर्शन हो रहा है। शी के खिलाफ जनता सड़कों पर उतरने लगी है।

शी जिनपिंग कितना डरे हुए इसका अंदाजा इसी से लगा लें कि चीन में 14 लाख लोगों को गिरफ्तार कर लिया गया है। इसके साथ ही बीजिंग को किले में तब्दिल कर दिया गया है। प्रदर्शन को देखते हुए सुरक्षा बेहद ही टाइट कर दिया गया है।शी जिनपिंग की जीरो कोविड नीति से बुरी तरह से परेशान हो चुकी जनता ने बीजिंग के कई इलाकों में पोस्टर-बैनर लगाकर चीन के राष्ट्रपति को तानाशाह बता दिया। यही नहीं उन्होंने यह भी कहा कि हमें कोरोना टेस्ट नहीं बल्कि खाना चाहिए। सोशल मीडिया पर कई सारे वीडियो और तस्वीरें वायरल हो रही हैं जो बीजिंग के हैदिआन जिले की बताई जा रही हैं। कम्युनिस्ट पार्टी की 20वीं पार्टी कांग्रेस से ठीक पहले इन प्रदर्शनों से चीन की पोल खुल गई है। चीन ने पार्टी कांग्रेस की इस बैठक से ठीक पहले सुरक्षा के कड़े इंतजाम बीजिंग में किए हैं और हर तरफ निगरानी की जा रही है।

प्रदर्शनकारियों ने अपने पोस्टर में लिखा है, 'कोरोना जांच नहीं हम भोजन चाहते हैं' और 'सांस्कृतिक क्रांति नहीं, सुधार चाहते हैं।' एक बैनर में तो यहां तक लिखा है कि शी जिनपिंग तानाशाह हैं और लोगों से हड़ताल करने की अपील भी की गई है।

# खाने के सामानों पर अंग्रेजों ने भी टैक्स नहीं लगाया था: केजरीवाल



नई दिल्ली। दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पराठे पर जीएसटी लगाने पर सत्तारूढ़ भाजपा सरकार पर हमला बोला है। आम आदमी पार्टी सुप्रीमो ने कहा, खाने के सामानों पर अंग्रेजों ने भी टैक्स नहीं लगाया था। दरअसल, गुजरात की अपीलेट अथॉरिटी फॉर एडवांस रूलिंग ने पैकेज्ड पराठे पर 18 फीसदी जीएसटी लगाने का फैसला किया है। जीएसटी से बढ़ी महंगाई आप नेता ने देश में महंगाई बढ़ने के लिए जीएसटी को जिम्मेदार ठहराया और कहा, ष्आज देश में महंगाई की सबसे बड़ी वजह केंद्र सरकार द्वारा लगाया गया ऊंचा जीएसटी है। इसे कम किया जाना चाहिए और लोगों को महंगाई से छुटकारा दिलाना चाहिए।ष पराठे पर जीएसटी के खिलाफ अपील करने वाली फूड कंपनी ने अपनी याचिका में कहा कि वह आठ तरह के पराठे बनाती है और इनमें मुख्य तौर पर आटे और मूली, आलू जैसी कुछ सब्जियों का इस्तेमाल होता है। कंपनी ने अपना पक्ष रखते हुए कहा कि पिज्जा ब्रेड, रस्क और टोस्टेड ब्रेड पर 5 फीसदी जीएसटी है, जबकि पराठों पर 18 फीसदी। वहीं, फैसला सुनाते हुए गुजरात अपीलेट अथॉरिटी ऑफ एडवांस रूलिंग ने कहा कि रोटी बनाने में अलग सामग्री इस्तेमाल होती है और पराठों में अलग, इसलिए पराठों को रोटी की कैटेगरी में नहीं गिना जा सकता।

पराठे पर जीएसटी से जुड़ा फैसला सितंबर में उस वक्त आया था, जब एक फूड कंपनी ने पैकेज्ड पराठों पर 18 फीसदी जीएसटी लगाए जाने के खिलाफ अपील की थी। इसके अलावा गुजरात सरकार के कई प्राधिकरणों ने भी इसी तरह के आदेश पारित किए, जिसे लेकर बड़ी संख्या में लोगों ने विरोध दर्ज कराया।

# अमेरिका में अंधाधुंध फायरिंग में पांच लोगों की मौत

वाशिंगटन। अमेरिका के नॉर्थ कैरोलिना में अंधाधुंध फायरिंग हुई है जिसमें अब तक पांच लोगों के मौत की खबर सामने आई है। साथ ही एक पुलिसकर्मी के भी मारे जाने की जानकारी है। घटना के बाद पुलिस ने पूरे इलाके को घेर लिया है. साथ ही हमलावर को भी पुलिस ने पकड़ लिया है।




अमेरिकी एजेंसियों की तरफ से बताया गया है कि हमलावर अचानक भीडभाड़ वाले इलाके में आया और उसने गोलियां चलानी शुरू कर दीं। सामने जो भी दिखा उसे गोली मारने की कोशिश की। इस दौरान पांच लोगों की मौत हुई और कुछ घायल भी बताए जा रहे हैं।वहीं हमलावर की एक गोली वहां मौजूद पुलिसकर्मी को भी लगी, जिसकी कुछ देर बाद मौत हो गई। फिलहाल हमलावर से पूछताछ की जा रही है।अमेरिका में गन कल्चर का कहर लगातार जारी है। पिछले कुछ सालों में सैकड़ों लोगों की गोली लगने से मौत हुई है, जिसमें कई बच्चे भी शामिल हैं। हाल ही में अमेरिका के कैलिफोर्निया में स्कूली बच्चों को फिर से टारगेट करने की कोशिश की गई थी। ओकलैंड में स्कूल कैंपस में जमकर फायरिंग हुई, जिसमें कई लोग घायल हुए. इससे पहले भी एक स्कूल पर गोलीबारी में 17 बच्चों की मौत हो गई थी।हाल ही में जारी एक रिपोर्ट में बताया गया था कि इस साल अमेरिका में 96 लोगों की हत्या की गई है, जिसमें ज्यादतर गोलीबारी की घटनाएं शामिल हैं. इन मौतों में कई बच्चे भी शामिल हैं।बता दें कि अमेरिका में किसी के लिए भी बंदूक खरीदना काफी आसान है, जैसे दुकानों पर बाकी सामान बिकता है ठीक उसी तरह अमेरिका में बंदूकों की बिक्री होती है।हालांकि गन कल्चर के कहर को देखते हुए राष्ट्रपति जो बाइडेन ने इसे लेकर सख्त कानून बनाने की बात कही और इसके बाद इस पर एक कानून भी बनाया गया।बाइडेन ने कहा था कि इससे लोगों की जान बच सकती है।

खासतौर पर असॉल्ट हथियारों की बिक्री पर सख्ती दिखाई जा रही है. इसके अलावा बंदूक खरीदने वालों की सख्ती से जांच की जाएगी और जो लोग संदिग्ध या फिर खतरनाक हैं उनसे बंदूकों को वापस लिया जाएगा. अमेरिका में ये कानून लागू हो चुका है, लेकिन इसके बावजूद मास शूटिंग की घटनाएं रुकने का नाम नहीं ले रहीं।

# मोदी को इनसे कोई खतरा नहीं

वेद प्रताप वैदिक

आज के दिन तीन बड़ी खबरें हैं। ये तीनों अलग-अलग दिखाई पड़ रही हैं लेकिन तीनों आपस में एक-दूसरे से जुड़ी हुई हैं। पहली खबर यह है कि कांग्रेस अध्यक्ष कौन बनेगा? दूसरी खबर यह कि देश के लगभग सभी प्रमुख विरोधी दल मिलकर भाजपा-विरोधी मोर्चा खड़ा कर रहे हैं। तीसरी खबर यह कि यदि अशोक गहलोत को कांग्रेस अध्यक्ष बनना पड़ गया तो राजस्थान का मुख्यमंत्री कौन बनेगा? यदि अशोक गहलोत का बस चलेगा तो सचिन पायलट को वे अपना स्थान क्यों लेने देंगे?

जिस व्यक्ति ने उनकी कुर्सी हिलाने के लिए जमीन-आसमान एक कर दिए थे और जिसे मुख्यमंत्री ने निकम्मा तक कह दिया था, उसका मुख्यमंत्री बन जाना गहलोत की इकन्नी हो जाना है। इसका अर्थ यह भी हुआ कि गहलोत के कांग्रेस अध्यक्ष बनने का कोई अर्थ नहीं है। जिसे प्रियंका और राहुल जो चाहें, सो बना दें तो फिर आप चाहे प्रधानमंत्री बन जाएं या कांग्रेस अध्यक्ष बन जाएं, आप रबर के ठप्पे से ज्यादा कुछ नहीं होंगे।

यों भी गहलोत चाहते थे कि वे मुख्यमंत्री और पार्टी-अध्यक्ष, दोनों बने रहें लेकिन राहुल ने एक व्यक्ति, एक पद का बयान खुले-आम देकर गहलोत की मन्शा पर पानी फेर दिया। वैसे गहलोत की यह इच्छा गलत नहीं थी, क्योंकि जब एक व्यक्ति प्रधानमंत्री और कांग्रेस अध्यक्ष दोनों बने रह सकता है तो वह मुख्यमंत्री और पार्टी अध्यक्ष क्यों नहीं बना रह सकता है?

इसमें शक नहीं कि आज कांग्रेस की जो दुर्दशा है, उसके मूल में बापकमाई का असली मसला है। देश में अपने बाप या माँ के दम पर जो भी नेता बने हैं, उनका अहंकार रावण को भी मात करता है। कांग्रेस का भी असली रोग यही है। गहलोत इस रोग से मुक्त हैं। वे खुद-मुख्तार हैं। जमीनी नेता हैं। विनम्र और मिलनसार हैं। वे नए और पुराने सभी कांग्रेसियों को जोड़ने में सफल हो सकते हैं लेकिन असली सवाल यह है कि प्राइवेट लिमिटेड कंपनी बनी इस कांग्रेस में उनकी हैसियत क्या होगी?

यदि उनकी हैसियत सिर्फ एक मुनीम की होगी, मालिक की नहीं तो वे रबर का ठप्पा बनकर रह जाएंगे। कांग्रेस की हालत आज जो है, उससे भी बदतर होती चली जाएगी। जहां तक चौधरी देवीलाल के जन्म दिन पर देश के विपक्षी दलों के एक होने का प्रश्न है, उसके मार्ग में कई रोड़े हैं। पहला तो यह कि विपक्ष का एकछत्र नेता कौन बनेगा? क्या कांग्रेस किसी अन्य को अपना नेता मान लेगी?

दूसरा, विपक्ष के पास मुद्दा क्या है? सिर्फ मोदी हटाओ। मोदी ने क्या आपात्काल जैसी कोई भयंकर भूल कर दी है या पिछली कांग्रेस सरकार की तरह वह भ्रष्टाचार में डूब गई है? तीसरा, हमारे विपक्ष के पास नेता तो है ही नहीं, उसके पास कोई वैकल्पिक नीति भी नहीं है। कोई नक्शा या सपना भी नहीं है। अगले चुनाव के पहले यदि मोदी से कोई भयंकर भूल हो जाए तो और बात है, वरना 2014 में भी मोदी के लिए कोई गंभीर चुनौती आज तो दिखाई नहीं पड़ रही।

# बसपा के वोट पर कांग्रेस की नजर

कांग्रेस पार्टी उत्तर प्रदेश में बहुजन समाज पार्टी के वोट बैंक पर नजर गड़ाए हुए है। असल में पारंपरिक रूप से वह कांग्रेस का ही वोट है, जो बसपा के पास चला गया है और अब बसपा से भी अलग होकर इधर उधर बिखर रहा है क्योंकि बसपा प्रमुख मायावती राजनीति में बहुत सक्रिय नहीं हैं। वे एक अनिच्छुक राजनेता के तौर पर काम कर रही हैं। पिछले विधानसभा चुनाव में तो कहीं लगा ही नहीं कि पार्टी चुनाव लड़ रही है। इसका नतीजा यह हुआ है कि बसपा जैसी बड़ी पार्टी 403 विधानसभा सीटों में से एक सीट पर जीत पाई। सोचें, जिस पार्टी के लोकसभा में 10 सांसद हैं वह विधानसभा की एक सीट जीत पाई। बहरहाल, बसपा को जिस वोट ने सत्ता दिलाई थी वह दलित, ब्राह्मण और मुस्लिम का वोट था। पारंपरिक रूप से यह कांग्रेस का वोट रहा है। लेकिन बसपा के कमजोर होने से दलित वोट का कुछ हिस्सा भाजपा की ओर गया है तो मुस्लिम लगभग पूरी तरह से समाजवादी पार्टी के साथ और ब्राह्मण पूरी तरह से भाजपा के साथ गए हैं। कांग्रेस को ये तीनों वोट वापस हासिल करने हैं। पार्टी ने नए प्रदेश अध्यक्ष और छह प्रांतीय अध्यक्षों के जरिए ऐसा समीकरण बनाया है, जिससे इस वोट को हासिल करने में मदद मिले। कांग्रेस ने बसपा में रहे आक्रामक दलित नेता बृजलाल खाबरी को पार्टी का प्रदेश अध्यक्ष बनाया है। उनके साथ साथ बसपा में रहे मुस्लिम नेता नसीमुद्दीन सिद्दीकी को पश्चिमी जोन का प्रांतीय अध्यक्ष बनाया है। बसपा के ब्राह्मण चेहरों में से एक रहे पूर्व मंत्री नकुल दुबे को अवध जोन का अध्यक्ष बनाया है। इस तरह बसपा के तीन नेताओं को कांग्रेस ने बड़ी जिम्मेदारी दी है और ये तीन नेता दलित, मुस्लिम व ब्राह्मण समाज का प्रतिनिधित्व करते हैं। इनके जरिए कांग्रेस जातीय समीकरण साधने का प्रयास कर रही है। कांग्रेस ने तीन और प्रांतीय अध्यक्ष बनाए हैं जो ब्राह्मण, भूमिहार और कुर्मी जाति से आते हैं। (आरएनएस)


## वैधानिक सूचना

सुविज्ञ पाठकों से आग्रह है कि इस समाचार पत्र में प्रकाशित किसी भी विज्ञापन में दिए गए तथ्यों, शर्तों और दावों के प्रति वह खुद भी आश्वस्त हो लें। पाठकों से आग्रह है कि वह प्रकाशित विज्ञापन से प्रभावित होकर कोई कदम उठाने से पहले अपने स्तर पर भी स्वयं के संतुष्ट होने तक संपूर्ण व्यावहारिक जानकारी कर लें। भविष्य में किसी भी प्रकाशित विज्ञापन व लेख में निहित दावों या शर्तों को लेकर पाठकगण को कोई असुविधा या परेशानी होती है तो *सांध्य दैनिक दून वैली मेल* के मुद्रक, प्रकाशक या सम्पादक की कोई जवाबदेही नहीं होगी।

–प्रबंधक विज्ञापन


# फेस्टिवल सीज़न में अपडेट करें मेकअप बैग



मौसम त्योहारों का है। ऐसे में सजने-सवरने का सिलसिला चलने वाला है। वॉरड्रोब को अपडेट करने के साथ ही साथ मेकअप बैग को भी अपडेट करना जरूरी है। सिर्फ एक चीज पर फोकस करके सुंदर दिखना संभव नहीं है। इसलिए जरूरी है कि आप इस ओर भी विशेष ध्यान दें। जहां तक मार्केट का सवाल है तो यहां प्रॉडक्ट की कमी नहीं है। बाजार में हर रोज नए प्रॉडक्ट आ रहे हैं और वे पहले से ज्यादा बेहतर हैं। इसकी शॉपिंग से पहले जरूरी है कि आप एक्सपर्ट की राय लें। आपको यह पता होना चाहिए कि कौन सा प्रॉडक्ट आपकी स्किन के लिए सही है और कौन सा नहीं। इस फैसले के बाद ही आप आगे बढ़ें। आज के दौर में प्रफेशनल या पर्सनल दोनों ही जगहों पर प्रजेंटेशन के मायने बढ़ गए हैं। इसलिए इस ओर इन्वेस्टमेंट फायदे का सौदा है।

मेकअप किट में हो ये सामान

आपकी स्किन के अनुसार क्लीजिंग मिल्क, कॉटन, कंसीलर, फाउंडेशन और फेस पाउडर का मेकअप किट में होना जरूरी है। एक्सपर्ट कहते हैं कि अच्छे मेकअप ये बेसिक चीज हैं। इसलिए इनका चुनाव करते समय आप अपने स्किन का ख्याल जरूर रखें।

आंखों पर दें ध्यान

मेकअप के समय आपको इस बात का ध्यान रखना होता है कि आपके चेहरे का कौन सा पार्ट सबसे अच्छा है। जैसे कि किसी की आंखें बहुत सुंदर होती हैं, तो किसी के होंठ और किसी का पूरा चेहरा ही आकर्षक होता है। आई मेकअप प्रॉडक्ट आंखों के लिए आप पेंसिल और लिक्विड या जैल काजल दोनों ही ऑप्शन में रखें। इसके अलावा आईलाइनर, मस्कारा और आईशैडो होना चाहिए। हमेशा अपने साथ कुछ नकली आईलैश भी रखें और शिमरी आईशैडो का सेट भी रखें। ये सब रखना इसलिए जरूरी है कि किसी भी ओकेजन में आप अपना मनचाहा लुक तुरंत ही पा सकती हैं।

मेकअप ब्रश न भूलें

आप अपने लुक को निखाने के फिक्र में लगी हैं, तो आपको मेकअप ब्रश पर विशेष ध्यान देना चाहिए। ऐसे में आपके पास फाउंडेशन ब्रश, ब्रॉन्जिंग ब्रश, आईशैडो ब्रश और ऐंगल ब्रश होना चाहिए। मेकअप को सही तरह से मिलाने और कभी-कभी ग्लिटरी व शिमर को अच्छी तरह से स्प्रे करने के लिए मेकअप ब्रश बहुत जरूरी होता है।

लिपस्टिक हो सभी जरूरी रंग की

लिपस्टिक चाहे आप मैट फिनिश रखें या नॉर्मल सभी जरूरी रंग लिस्ट में होने चाहिए। न्यूड लुक के लिए एक लाइट शेड चाहिए तो डार्क-डीप लुक के लिए भी एक-दो शेड रखें। डॉर्क ब्राइट, पिंक और ब्राउन जैसे कलर्स के साथ एक-दो बिल्कुल डिफरेंट कलर की लिपस्टिक जैसे कत्थई या डार्क चॉकलेट कलर की जरूर रखें।



परफ्यूम का भी रखें ख्याल

परफ्यूम को भी सुंदरता बढ़ाने वाली चीज मानी जाती है। आपको अपने मेकअप किट में परफ्यूम के विकल्प को जरूर शामिल करना चाहिए। आपको अपने स्किन के अनुसार परफ्यूम का सिलेक्शन करना चाहिए। इसे यूज करने से पहले हो सके तो स्किन एक्सपर्ट से सलाह लें।

## शब्द सामर्थ्य -001


(भागवत साहू)

**बाएं से दाएं**

1. बात, घटना, माजरा, मुकदमा (उर्दू) 3. अलावा, अतिरिक्त 6. प्रेम, इच्छा 7. मां का बच्चे के प्रति प्रेम 8. गलती, जुर्म, गुनाह, दोष 10. मग्न, लीन, खुश, प्रसन्न 12. धनुष, समादेश, फौजी टुकड़ी 13. एक कल्पित पत्थर जो लोहे को छूकर सोना बना देता है 16. हिम्मत, साहस, सामर्थ्य 17. बनावटी, अनुकृति, असली का विलोम 18. अबोध, नासमझ 20. ब्रह्मापुत्र एक प्रसिद्ध हरिभक्त देवर्षि 22. गहरा नीला, काला 23. व्याकुल, बेसब्र 24. मन, चित्त, आदरसूचक तथा सहमति सूचक एक शब्द।

**ऊपर से नीचे**

1. स्वामी, नाथ 2. बेबस, मजबूर, विवश 3. अन्याय, अत्याचार, जुल्म 4. मध्य एशिया का एक देश 5. पुस्तक 9. बहादुर, वीर 11. सैनिक विद्रोह 12. नीच, अधम 12 ए. प्रणाम, झुकना 13. भरण-पोषण करना, परवरिश करना, छोटा झूला, हिंडोला 14. प्रमाण, प्रमाणिक कथन 15. स्वाभाविक ढंक, योग्यता, लियाकत, सभ्यता और शिष्टता, शऊर (उ.) 19. बिजली, तड़ित 21. रात में दिखाई न पड़ने का नेत्र संबंधी रोग।



### शब्द सामर्थ्य क्रमांक 100 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| प | सं | द | | सिं | हा | स | न | |
| ख | | म | ज | दू | र | | का | म |
| वा | द | क | | र | | सं | ब | ल |
| ड़ | | ल | ज्जा | | म | स्का | | य |
| | बा | | | बि | हा | र | | |
| सु | धा | क | र | | न | | | औ |
| रं | | म | | कि | ता | ब | | स |
| ग | | अ | र | सा | | हु | ज्ज | त |
| | श | क्ल | | न | मि | त | | न |

# निर्देशक गौतम वासुदेव मेनन तेलुगु स्टार राम पोथिनेनी के साथ करेंगे काम

बेहतरीन एक्शन थ्रिलर और रोमांटिक ड्रामा के लिए मशहूर निर्देशक गौतम वासुदेव मेनन अगली बार तेलुगु स्टार राम पोथिनेनी के साथ एक फिल्म का निर्देशन करने वाले हैं। गौतम मेनन ने हाल ही में रिलीज हुई अपनी तमिल फिल्म वेंधु थानिंधधु काडू के प्रचार के लिए आयोजित एक बातचीत के दौरान इसका खुलासा किया। गौतम मेनन ने कहा कि, वह अगले साल एक नई फिल्म में राम पोथिनेनी का निर्देशन करेंगे। उन्होंने यह भी कहा कि, निर्माता श्रवण रवि किशोर लंबे समय से राम पोथिनेनी और उनके बीच एक सेतु थे। दरअसल, द लाइफ ऑफ मुथु कहे जाने वाले वेंधु थानिंधधु काडू का तेलुगु वर्जन श्रावंथी रवि किशोर ने श्रावंथी मूवीज के बैनर तले रिलीज किया था। गौतम मेनन की गैंगस्टर फ्लिक, वेंधु थानिंधधु काडू को लेकर राम पोथिनेनी के प्रशंसक काफी उत्साहित हैं। इसमें सिलंबरासन और सिद्धि इदानानी को खूब समीक्षाएं मिल रही हैं। इस बीच, सूत्रों का कहना है कि राम की नवीनतम फिल्म बोयापति रापो पर काम इस महीने के अंत तक शुरू होना है। (आरएनएस)

# राघव लॉरेंस ने चंद्रमुखी 2 के लिए बनाई बॉडी

निर्देशक पी वासु की चंद्रमुखी 2 में मुख्य भूमिका निभाने वाले अभिनेता राघव लॉरेंस ने इस भूमिका के लिए परफेक्ट बॉडी बनाई है। राघव लॉरेंस ने ट्विटर पर कुछ तस्वीरें साझा करके कहा, नमस्कार, मैं आपके साथ दो चीजें साझा करना चाहता हूं। सबसे पहले, मैं एक छोटा सा प्रयास साझा करना चाहता हूं जो मैं अपने शरीर को बदलने के लिए कर रहा हूं। चंद्रमुखी 2 के लिए मैंने जो शरीर बनाया है, इस बदलाव को लाने के लिए मेरे ट्रेनर शिव मास्टर को धन्यवाद। मुझे आप सभी के आशीर्वाद की आवश्यकता है। आगे उन्होंने कहा, मैं इन सभी वर्षों के लिए मेरे और मेरे विश्वास का समर्थन करने के लिए अपने सभी दाताओं को धन्यवाद देना चाहता हूं। आप सभी मेरे साथ खड़े रहे और अपने दान के साथ मेरी दृष्टि का समर्थन किया। मैंने सबसे अच्छा किया है और जब भी मैंने आपकी मदद ली है। इसकी जरूरत थी।अब, मैं एक अच्छी जगह पर हूं और मैं और फिल्में साइन कर रहा हूं, मैंने खुद लोगों की सेवा करने की पूरी जिम्मेदारी लेने का फैसला किया है। इसलिए, मैं अपने समर्थकों से लॉरेंस चैरिटेबल ट्रस्ट के लिए अपना पैसा दान नहीं करने का अनुरोध करता हूं।आपका आशीर्वाद मेरे लिए काफी है। मैं इतने वर्षों से मिले समर्थन और प्यार के लिए आभारी हूं। मैं जल्द ही अपने सभी समर्थकों के लिए एक धन्यवाद कार्यक्रम की व्यवस्था करूंगा! आप सभी को दिल की गहराइयों से धन्यवाद।

# बोल्ड लुक में जान्हवी कपूर ने शेयर की तस्वीरें

जान्हवी कपूर हर एक लुक में फिगर फ्लॉन्ट करती दिखती हैं, हाल ही में भी उन्होंने एक ऐसा ही बोल्ड फोटोशूट करा डाला, जिसमें उनका सेक्सी लुक फैंस को दीवाना बना रहा है। जान्हवी ने अपने लुक में बहुत ही अट्रैक्टिव लग रही है। जान्हवी ने ऑरेंज कलर की बॉडीकॉन ड्रेस पहनी है, उनके लुक में बोल्डनेस का तड़का दिखाई दिया। जान्हवी कपूर ने अपने इंस्टाग्राम पर ऑरेंज कलर की ड्रेस में कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जो इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रही हैं। जान्हवी का ये लुक देखकर हर फैंस बेहाल हो गया है। हसीना की यह ड्रेस इतनी टाइट फिटिंग की थी, जिसमें उनका फिगर अच्छे से फ्लॉन्ट होता दिख रहा है। जान्हवी कपूर का यह लुक बहुत बढ़िया लग रहा है। जान्हवी ने अपने इस लुक के साथ हेवी मेकअप किया है। जान्हवी कपूर ने अपने इस लुक के साथ हेयरस्टाइल को एकदम सिंपल रखा है। बालों को स्लीक पोनीटेल में उन्होंने स्टाइल किया है।

# फोटोशूट के लिए पूनम पांडे ने पहनी छोटी ड्रेस

बॉलीवुड एक्ट्रेस और मॉडल पूनम पांडे हमेशा ही अपने हॉट लुक्स और बोल्डनेस के कारण खबरों का हिस्सा बनी रहती हैं. इस वजह से कई बार वह ट्रोलर्स के निशाने पर भी आ जाती हैं. जब से पूनम कंगना रनौत के अत्याचारी शो लॉक अप का हिस्सा बनी हैं, उनकी फैन फॉलोइंग अचानक काफी बढ़ गई है. शो खत्म होने के बाद भी पूनम लगातार चर्चा में हैं. वहीं, दूसरी ओर पूनम सोशल मीडिया पर भी काफी एक्टिव रहती हैं. वह आए दिन अपनी तस्वीरें शेयर कर इंटरनेट के पारा हाई कर देती हैं. अपनी हॉटनेस के लिए अक्सर सुर्खियां बटोरने वाली पूनम पांडे एक बार फिर चर्चा में हैं. उन्होंने हाल ही में इंस्टाग्राम पर अपनी कुछ तस्वीरें शेयर की हैं, जिसमें वह हमेशा की तरह हद से ज्यादा बोल्ड लग रही हैं. तस्वीरों में पूनम को पिंक कलर की बॉडीकॉन शॉर्ट ड्रेस पहने देखा जा सकता है. इस दौरान वह कैमरे के सामने हद से ज्यादा बोल्ड पोज दे रही हैं.

इस लुक में पूनम इतनी ग्लैमरस लग रही हैं कि उन पर से लोगों के लिए नजरें हटाना मुश्किल हो गया है. इन फोटोज में पूनम ने अपने बालों को लाइट कर्ल लुक दिया और मिनिमल मेकअप किया है.

पूनम इन फोटोज में बेहद हॉट दिख रही हैं. अब उनकी ये तस्वीरें सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं. फैंस अब उनकी तारीफें करते नहीं थक रहे हैं. पूनम पांडे रिएलिटी शोज अलावा मूवीज में भी नजर आ चुकी हैं. (आरएनएस)

# हॉलीवुड में डेब्यू करेंगी रूही सिंह



बॉलीवुड के कई कलाकार दुनियाभर में अपनी प्रतिभा का लोहा मनवा चुके हैं। अब जानकारी सामने आ रही है कि अभिनेत्री व मॉडल रूही सिंह हॉलीवुड में अपना डेब्यू करने वाली हैं। कई टीवी सीरीज में नजर आ चुकीं रूही के लिए यह बड़ा मौका है। रूही ने खुद अपनी हॉलीवुड डेब्यू को लेकर एक इंटरव्यू में खुलासा किया है। कहा जा रहा है कि वह अनदेखा अवतार में नजर आएंगी।

रिपोर्ट के अनुसार, हॉलीवुड में अपनी शुरुआत करने के लिए रूही अमेरिका जा रही हैं। फिलहाल इस प्रोजेक्ट के बार में अधिक जानकारी नहीं दी गई है। टाइम्स टैलेंट के सहयोग से रूही ने अपने हॉलीवुड प्रोजेक्ट के लिए डिसरप्टर स्टूडियोज के साथ डील की है। चैड ग्रिलैक डिसरप्टर स्टूडियोज के संस्थापक हैं। वह जीन सीमन्स: फैमिली ज्वेल्स और क्रिस एंजल: बिलीव जैसे अंतरराष्ट्रीय शोज के लिए काम कर चुके हैं।

चैड रूही के साथ काम करने को लेकर काफी उत्साहित हैं। उन्होंने कहा, रूही आधुनिक भारतीय महिला का प्रतिनिधित्व करती हैं, जिन्हें अगर वैश्विक मंच दिया जाए, तो वह भारत और दुनिया भर में युवा लड़कियों की एक पूरी पीढ़ी को प्रेरित कर सकती हैं। रूही की कहानी, संदेश और आधुनिक भारतीय भावना को दुनिया तक पहुंचाने के लिए हम अमेरिका में रूही और हमारे मीडिया पार्टनर्स के साथ काम करने के लिए उत्सुक हैं।

रूही भी एक इंटरनैशनल प्रोजेक्ट का हिस्सा बनकर खुश हैं। उन्होंने बताया, मैं चैड के साथ काम करने के लिए उत्सुक हूं। मुझे लगता है कि यह एक ऐसा अवसर था, जिसका इंतजार लंबे समय से था। फिल्म इंडस्ट्री में अपनी जड़े नहीं होने के कारण यहां तक पहुंचने में वर्षों की मेहनत लगी है। मैं भारत के साथ-साथ विश्व स्तर पर सीखने और आगे बढ़ने की आशा करती हूं। रूही पिछले साल ही टीवी सीरीज रनवे लुगाई में नजर आई थीं। वह लोकप्रिय टेलीविजन सीरीज सीआईडी में भी काम कर चुकी हैं। 2015 में आई मधुर भंडारकर के निर्देशन की फिल्म कैलेंडर गर्ल्स से उन्होंने बॉलीवुड में अपना डेब्यू किया था।

कई भारतीय कलाकार हॉलीवुड का रुख कर चुके हैं। उर्वशी रौतेला भी नेटफ्लिक्स की फिल्म के साथ हॉलीवुड में अपना पदार्पण कर सकती हैं। तब्बू एक नहीं, बल्कि दो हॉलीवुड फिल्में नेमसेक और लाइफ ऑफ पाई में काम कर चुकी हैं।

# सामने आया टीवी की संस्कारी बहू शाइनी दोषी का असली अवतार


टीवी के चर्चित सीरियल पंड्या स्टोर में धरा का किरदार निभाने वाली अभिनेत्री शाइनी दोषी सोशल मीडिया पर बहुत एक्टिव रहती हैं। वो आए दिन सोशल मीडिया पर अपनी बोल्ड फोटोज और वीडियो के चलते खबरों में बनी रहती है। वही हाल ही में शाइनी दोषी ने सोशल मीडिया पर थ्रोबैक फोटो शेयर की है। जिसमें वो पर्पल कलर की प्रिन्टेड बिकिनी पहनकर कैमरे पर दिलकश पोज देते हुए दिखाई दे रही हैं।

इसके अतिरिक्त शाइनी दोषी ने एक और तस्वीर सोशल मीडिया पर शेयर की है। इस तस्वीर में शाइनी दोषी हस्बैंड के साथ खुलेआम लिपलॉक करती हुई नजर आई।

इस फोटो में धरा रिवीलिंग ऑउटफिट पहने नजर आई तो वहीं उनके पति शर्टलेस लुक में नजर आए। इस लिपलॉक की फोटो को धरा ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर साझा किया जो देखते ही देखते वायरल हो रही है।

वही ऐसा पहली बार नहीं है कि शाइनी दोषी ने इस प्रकार की बोल्ड फोटो पहली बार ऑफिशियल इंस्टाग्राम पर शेयर की हो। इससे पहले भी टेलीविज़न की ये संस्कारी बहू अपनी इमेज को तोड़ते हुए कई बार बिकिनी से लेकर रिवीलिंग ड्रेस की तस्वीरें शेयर कर चुकी हैं। आपको बता दें, शाइनी दोषी पंड्या स्टोर सीरियल में घर की बड़ी बहू की भूमिका निभाती हैं। इसमें दिखाया गया है कि धरा के बच्चे नहीं है और वो मां बनना चाहती है। (आरएनएस)

# वानरास्त्र बनेंगे आर्यन खान, धमाके के साथ करने जा रहे हैं डेब्यू!



बॉलीवुड के बादशाह शाहरुख खान के बड़े बेटे आर्यन खान काफी समय से सुर्ख़ियों में हैं। जब से उनका नाम ड्रग्स केस में आया तब से वह लगातार चर्चाओं में हैं। जी हाँ और उनका नाम इन दिनों हर तरफ छाया हुआ हैं। जी दरअसल आर्यन खान ने अभी सिनेमा में कदम नहीं रखा है लेकिन अब आर्यन खान को लेकर एक बड़ी खबर आ रही है। जी हाँ और इस खबर को सुनकर फैंस काफी एक्साइटेड नजर आ रहे हैं। जी दरअसल, खबर है कि आर्यन खान जल्द ही बॉलीवुड में एंट्री करने वाले है।

आर्यन खान को लेकर फैंस खबर आई थी कि वो राइटर बनना चाह रहे है लेकिन अब जानकारी मिल रही हैं कि वो एक फिल्म में अहम रोल करते हुए दिखाई देंगे। आपको बता दें कि बीते दिनों ब्रह्मास्त्र रिलीज हुई है और अब खबर है कि इस फिल्म के दूसरे पार्ट में आर्यन खान नजर आएंगे। ऐसा कहा जा रहा है कि, ब्रह्मास्त्र-2 में आर्यन खान वानरास्त्र का किरदार निभाते हुए नजर आएंगे। आपको बता दें कि आर्यन खान की फोटो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है। जी हाँ और इस पोस्टर को आर्यन खान के एक फैन पेज ने क्रिएट किया है। आप देख सकते हैं इस पोस्टर में आर्यन खान खड़े हैं और उनके आस-पास आग दिख रही हैं। वहीं बैकग्राउंड में आप देखें तो शाहरुख खान भी नजर आ रहे हैं। इस पोस्टर को शेयर करते हुए कैप्शन मेंआर्यन खान, यंग वानरास्त्र के रूप में। लिखा है।

अब इसी को देखते हुए कहा जा रहा है वह डेब्यू के लिए तैयार हैं। वैसे आर्यन खान की इस फोटो में फिल्म की तारीख भी लिखी है। पोस्टर देखने के बाद फैंस में खुशी का ठिकाना नहीं हैं और वह तारीफों के पूल बाँध रहे हैं। कमेंट सेक्शन की बात करें तो एक यूजर ने कमेंट करते हुए वेलकम किंग खान अगेन लिखा। इसके अलावा कई यूजर्स खुश हो रहे हैं।

# कांग्रेस को खड़गे जैसा ही अध्यक्ष चाहिए

अजीत द्विवेदी

देश की सबसे पुरानी पार्टी को इस समय जैसा अध्यक्ष चाहिए था वैसा अध्यक्ष मिलने जा रहा है। कांग्रेस को शशि थरूर जैसे अध्यक्ष की जरूरत नहीं है और न दिग्विजय सिंह और अशोक गहलोत जैसे अध्यक्ष की जरूरत है। उसे मल्लिकार्जुन खड़गे की जरूरत है। हालांकि कांग्रेस के काफी लोग इससे अलग सोच रखते हैं। उनका कहना है कि खड़गे ८० साल के हो गए हैं। उन लोगों ने मजाक भी बनाया है कि 75 साल की सोनिया गांधी के उत्तराधिकारी ८० साल के खड़गे हैं! उनकी सेहत भी बहुत अच्छी नहीं है। वे दक्षिण भारत से आते हैं। उनके साथ भाषा की भी कुछ न कुछ समस्या है। वे मोदी से मुकाबला नहीं कर पाएंगे। वे बहुत डायनेमिक नहीं हैं और बहुत मेहनत नहीं कर पाएंगे। वे कांग्रेस में नई जान फूंकने लायक नहीं हैं आदि आदि। लेकिन ऐसी तमाम बातें कहने वाले लोग या तो केंद्रीय बिंदु को पूरी तरह से मिस कर रहे हैं या कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर खड़गे की मौजूदगी को बहुत सीमित या पूर्वाग्रह वाले नजरिए से देख रहे हैं।

खड़गे को बतौर अध्यक्ष सिर्फ इस नजरिए से देखना चाहिए कि कांग्रेस को अभी कैसे अध्यक्ष की जरूरत है? कांग्रेस को एक ऐसे अध्यक्ष की जरूरत है, जो कांग्रेस की राजनीति के कोर बिंदुओं को समझता हो, जो कांग्रेस संगठन के बारे में जानता हो, जिस पर आलाकमान को सौ फीसदी भरोसा हो, जो हर समय कार्यकर्ताओं के लिए उपलब्ध हो और जो पार्टी के नेताओं और कार्यकर्ताओं की सारी बातों को धीरज के साथ सुने और आलाकमान के हिसाब से काम करे। कांग्रेस को ऐसा अध्यक्ष चाहिए, जिससे आंतरिक लोकतंत्र का भ्रम रचा जा सके और लोगों को उस पर यकीन भी दिलाया जा सके। भारतीय जनता पार्टी ने जेपी नड्डा के जरिए ऐसा ही भ्रम रचा है और देश के लोग उस पर यकीन भी करते हैं। असल में फिल्मों की तरह राजनीति भी लोगों को यकीन दिलाने की कला का नाम है। फिल्मों की तरह राजनीति के दांव-पेंच देखते हुए भी लोग स्वेच्छा से सामान्य बुद्धि को किनारे रख देते हैं।



बहरहाल, खड़गे की सबसे बड़ी ताकत उनका अनुभव है। उन्होंने गुलबर्ग शहर के कांग्रेस अध्यक्ष के तौर पर अपना राजनीतिक सफर शुरू किया था और यह उस साल की बात है, जब सोनिया गांधी को भारत आए हुए महज एक साल हुए थे। खड़गे ने 1969 में राजनीतिक सफर शुरू किया। इसके तीन साल बाद 1972 में वे पहली बार विधायक बने और 2०19 के लोकसभा चुनाव को छोड़ दें तो बीच में कोई भी चुनाव नहीं हारे। यानी 47 साल तक अपराजेय बने रहे! नौ बार विधायक और दो बार लोकसभा के लिए चुने गए। वे शहर कांग्रेस से शुरू करके प्रदेश अध्यक्ष बने और अब राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने जा रहे हैं। वे विधायक रहे, राज्य सरकार में मंत्री रहे, प्रदेश अध्यक्ष रहे, लोकसभा सदस्य रहे, केंद्र सरकार में मंत्री रहे, लोकसभा में पार्टी के नेता रहे और फिर राज्यसभा में भी पार्टी के नेता बने। सो, कांग्रेस के बुनियादी मूल्यों को, पार्टी की राजनीति को और संसदीय राजनीति की जरूरतों को उनसे बेहतर भला कौन जानता होगा!

खड़गे दलित समाज से आते हैं और बौद्ध धर्म को मानते हैं। वे बुद्ध के अनुयायी हैं इसलिए संयम, संतोष, अपरिग्रह और मध्य मार्ग पर चलना उनके सहज स्वभाव का हिस्सा है। कोई बताए कि कांग्रेस का कौन ऐसा नेता है, जो स्वाभाविक रूप से मुख्यमंत्री पद का दावेदार हो और जिससे एक बार नहीं, दो बार नहीं, बल्कि तीन तीन बार यह मौका छीन लिया गया हो और, जिसके मुंह से उफ नहीं निकला हो? खड़गे वह नेता हैं, जिन्हें 1999, 2००4 और 2०13 में तीन बार मुख्यमंत्री बनने से रोका गया। इसके बावजूद वे उसी निष्ठा और समर्पण के साथ कांग्रेस का काम करते रहे। उनकी शिकायतें रही होंगी और हो सकता है कि अपनी पार्टी हाईकमान के सामने उन्होंने शिकायतें रखी भी हों लेकिन उसे उन्होंने कभी भी सार्वजनिक नहीं होने दिया। राजस्थान में अभी जो हुआ या राज्यसभा की एक सीट की खींचतान में जैसे मध्य प्रदेश की सरकार गई उससे कांग्रेस अध्यक्ष के दो पूर्व दावेदारों और खड़गे का फर्क दिखता है।

खड़गे की क्षमता पर वे ही लोग सवाल उठा रहे हैं, जिन्होंने उनको काम करते नहीं देखा है या जो दक्षिण भारतीय, दलित और ८० वर्ष की उम्र के पूर्वाग्रहों के आधार पर उनको देख रहे हैं। मल्लिकार्जुन खड़गे उस समय लोकसभा में कांग्रेस के नेता बने थे, जब कांग्रेस ऐतिहासिक हार के बाद 44 सांसदों की पार्टी रह गई थी। इन 44 सांसदों में से भी आधे हमेशा सदन से नदारद रहते थे। गिने-चुने सांसदों को साथ लेकर लोकसभा में तीन सौ सांसदों के प्रचंड बहुमत वाली भाजपा को साथ जिन लोगों ने भी खड़गे को जूझते देखा है, वे उनकी क्षमताओं से परिचित हैं। संसद की बहसों में विचारों की जैसी स्पष्टता खड़गे में देखने को मिली वह बेमिसाल है। चाहे संसदीय कार्यवाही हो या लोक लेखा समिति के अध्यक्ष के नाते कामकाज हो, खड़गे ने हर जगह छाप छोड़ी। जहां जरूरत पड़ी वहां उन्होंने सभी विपक्षी पार्टियों के साथ तालमेल बनाया और नीतिगत व वैचारिक स्तर पर भाजपा व केंद्र सरकार को कठघरे में खड़ा किया।

यह भी ध्यान रखने की जरूरत है कि कांग्रेस अध्यक्ष को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से नहीं लड़ना है या उनको चुनौती नहीं देनी है। उनको 2०24 के चुनाव का नेतृत्व नहीं करना है। सबको पता है कि यह काम राहुल गांधी करेंगे। लेकिन उससे पहले और उस समय भी कांग्रेस को एक ऐसे नेता की जरूरत है, जो पार्टी हाईकमान के लिए आंख और कान का काम कर सके। कांग्रेस को हर समय खुला रहने वाले एक मुंह की जरूरत नहीं है। इसलिए कांग्रेस को शशि थरूर या दिग्विजय सिंह की नहीं, बल्कि खड़गे की जरूरत है। वे धीरज के साथ पार्टी मुख्यालय में बैठें और नेताओं की सारी बातें सुन कर उन्हें यकीन दिलाएं कि उनकी बात सही जगह पहुंचेगी और उनकी शिकायत या सुझाव पर कार्रवाई होगी, तो यह अपने आप में बहुत बड़ी बात होगी। अगर कांग्रेस अध्यक्ष देश के हर राज्य के नेताओं व कार्यकर्ताओं के लिए सहज उपलब्ध हों तो इतने से भी बहुत कुछ बदल जाएगा। अभी अध्यक्ष तो छोड़िए पार्टी के महासचिव भी नेताओं व कार्यकर्ताओं से नहीं मिलते हैं। कांग्रेस को दिए गए अपने प्रजेंटेशन में प्रशांत किशोर ने बताया था कि कांग्रेस के संगठन महासचिव देश के ९० फीसदी जिला अध्यक्षों से नहीं मिले हैं। कांग्रेस की इस संस्कृति को बदलना एक बड़ी जरूरत थी, जो खड़गे से पूरी होगी। दक्षिण भारत में खास कर कर्नाटक में उनकी वजह से राजनीतिक लाभ होगा और दलित समुदाय में एक सकारात्मक मैसेज जाएगा, वह अपनी जगह है।

यकीन मानिए कांग्रेस अध्यक्ष के तौर पर मल्लिकार्जुन खड़गे वैसे ही सफल होंगे, जैसे प्रधानमंत्री के रूप में मनमोहन सिंह सफल हुए थे। खड़गे बिल्कुल उसी तरह की पसंद हैं, जैसे मनमोहन सिंह थे। कांग्रेस हाईकमान के प्रति सौ फीसदी समर्पित! वे पार्टी की जरूरतों को और आलाकमान की इच्छा को समझते हुए काम करेंगे। पार्टी का वास्तविक सत्ता केंद्र सोनिया और राहुल गांधी होंगे लेकिन खड़गे उनके साथ संपूर्ण सामंजस्य बैठा कर काम करेंगे। इस समय कांग्रेस की सबसे बड़ी जरूरत यह है कि पार्टी के अंदर कोई बड़ा टकराव न हो और पार्टी एकजुट दिखे। खड़गे से यह मैसेज बनेगा। वे स्ट्रीट फाइटर हैं इसलिए जहां भाजपा को सड़क पर टक्कर देने की जरूरत होगी वहां भी वे पीछे नहीं रहेंगे। वे संगठन के आदमी हैं, संघर्ष के आदमी हैं!

## सू- दोकू क्र.001

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 9 | | 1 | 6 | | 2 | | 7 |
| 3 | | | | | | | | |
| | | 6 | | | | | 9 | |
| 7 | | | 5 | | 1 | | 3 | |
| | 8 | | | 9 | | 6 | | 2 |
| | | 4 | | | | | 7 | |
| | 3 | | | | 2 | 9 | | 6 |
| 6 | | 7 | 3 | | | | | 4 |
| | 4 | | | 1 | | 7 | 8 | |

### नियम

1. कुल 81 वर्ग है,जिसमें 9वर्गों का एक खंड बनता है।
2. हर खाली वर्ग में 1से 9 के बीच का कोई एक अंक भर सकते है।
3. बाएं से दाएं और उपर से नीचे के प्रत्येक कालम,कतार और खंड में 1से9अंक में से किसी भी अंक का इस्तेमाल एक बार ही कर सकते है।

### सू-दोकू क्र.100का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 2 | 6 | 3 | 9 | 8 | 7 | 1 | 5 | 4 |
| 8 | 5 | 1 | 3 | 2 | 4 | 6 | 7 | 9 |
| 9 | 4 | 7 | 1 | 5 | 6 | 8 | 2 | 3 |
| 3 | 9 | 8 | 6 | 7 | 1 | 5 | 4 | 2 |
| 6 | 1 | 2 | 5 | 4 | 3 | 9 | 8 | 7 |
| 5 | 7 | 4 | 8 | 9 | 2 | 3 | 1 | 6 |
| 1 | 2 | 6 | 7 | 3 | 5 | 4 | 9 | 8 |
| 4 | 8 | 5 | 2 | 6 | 9 | 7 | 3 | 1 |
| 7 | 3 | 9 | 4 | 1 | 8 | 2 | 6 | 5 |

# बीमा कम्पनी को दिये 50 लाख मय ब्याज देने का आदेश

हमारे संवाददाता

उधमसिंहनगर। जिला उपभोक्ता आयोग, उधमसिंह नगर ने 50 लाख रूपये, मय ब्याज तथा वाद व्यय उपभोक्ता को भुगतान करने का आदेश बीमा कम्पनी को दिया गया है। यह फैसला जिला आयोग ने अपने सबसे पहले सबसे बड़े उपभोक्ता केस में दिया है। यह धनराशि जला आयोग/फोरम द्वारा किये गये सबसे बड़ी धनराशि के आदेश है।

काशीपुर निवासी सितारा बेगम की ओर से अधिवक्ता नदीम उद्दीन द्वारा जिला उपभोक्ता आयोग, उधमसिंह नगर में परिवाद दायर करके कहा गया था कि उसके पति शकील अहमद ने आई.सी. आई.सी.आई. प्रूडेंशियल लाइफ इंश्योरेंस कं. लि. के अधिकारियों द्वारा बतायी गयी विशेषताओं पर विश्वास करके 7357 रू. के प्रीमियम का भुगतान करके एक जीवन बीमा पॉलिसी करायी। जिसमें बीमित धनराशि 50 लाख रूपये स्वीकार की गयी थी। परिवादिनी को इस पॉलिसी में नामित बनाया गया था। दिनांक 29-10-2019 को परिवादिनी के पति की अचानक मृत्यु हो गयी। जिसके उपरान्त परिवादिनी ने बीमा धनराशि प्राप्त करने के लिये बीमा कम्पनी में दावा किया। कई बार बीमा कम्पनी के अधिकारियों व एजेन्ट से सम्पर्क करने के बाद भी बीमा क्लेम का भुगतान नहीं किया और न ही कोई लिखित सूचना ही परिवादिनी को दी गयी। जबकि परिवादिनी के मोबाइल नम्बर पर 24-04-2020 को मैसेज आया उसका क्लेम निरस्त कर दिया गया है और निर्णय पत्र इंटरनेट लिंक पर उपलब्ध है। परिवादिनी ने लिंक पर दिखवाया तो पत्र नहीं मिला। इसके लिये भी कई चक्कर लगाने पर इस पत्र की प्रति उसके व्हाट्स एप्प नम्बर पर उपलब्ध करायी गयी। इस पत्र में बीमा कम्पनी ने यह आरोप लगाते हुये बीमा क्लेम देने से इंकार कर दिया कि परिवादिनी के पति ने अपने बीमा प्रस्ताव में अपनी बीमारी के सम्बन्ध में नहीं बताया था। जबकि वह 2017 से कोरोनरी आर्टरी डिसीज (सी.ए.डी.) से पीड़ित थे जबकि वास्तविकता में न तो परिवादिनी के पति किसी बीमारी से पीड़ित थे और न ही उन्होंने अपनी बीमारी के सम्बन्ध में गलत तथ्य ही प्रस्ताव में दिये थे। परिवादिनी ने अपने अधिवक्ता नदीम उद्दीन के माध्यम से समस्त तथ्यों का उल्लेख करते हुये एक कानूनी नोटिस भी भिजवाया, जिसका बीमा कम्पनी द्वारा कोई जवाब नहीं दिया गया। इस पर परिवादिनी उपभोक्ता परिवाद जिला उपभोक्ता आयोग में दायर किया।

बीमा कम्पनी ने बीमा क्लेम से इंकार करने को सही बताते हुये परिवाद निरस्त करने की प्रार्थना की। इसके समर्थन शकील अहमद के एक चिकित्सा प्रमाण पत्र की प्रति भी दाखिल की। इसके उपरान्त परिवादिनी की ओर से नदीम उद्दीन ने इसी चिकित्सक से पूर्ण विवरण सहित प्रमाण पत्र, जिसमें स्पष्ट उल्लेख था कि परिवादिनी के पति को कोई बीमारी नहीं थी, फाइल किया। जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष सुरेन्द्र पाल सिंह, सदस्या देवेन्द्र कुमारी तागरा तथा सदस्य नवीन चन्द्र चन्दौला ने दोनों पक्षों द्वारा विरोधाभासी चिकित्सा प्रमाण पत्रों की प्रतियां फाइल होने पर पहले तो दोनों पक्षों से मूल प्रमाण पत्र फाइल कराये उसके उपरान्त सम्बन्धित चिकित्सक को बयान हेतु उपभोक्ता आयोग में तलब किया। सम्बन्धित चिकित्सक ने आयोग के समक्ष अपने बयान में कहा कि दोनों प्रमाण पत्र अलग-अलग व्यक्तियों से सम्बन्धित है। परिवादिनी के पति को कोई बीमारी नहीं थी।

जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष सुरेन्द्र पाल सिंह, सदस्या देवेन्द्र कुमारी तागरा तथा सदस्य नवीन चन्द्र चन्दौला ने परिवादिनी के अधिवक्ता नदीम उद्दीन के तर्कों से सहमत होते हुये अपने निर्णय में स्पष्ट लिखा कि बीमा कम्पनी की ओर से पूर्व बीमारी को छिपाने के सम्बन्ध में एक मात्र चिकित्सा प्रमाण पत्र दाखिल किया गया है जो उसके जारी करने वाले चिकित्सक से बयान से साबित हो गया है कि यह प्रमाण पत्र बीमित शकील अहमद के लिए नहीं था किसी अन्य शकील अहमद के लिए था। जिला उपभोक्ता आयोग ने बीमा कम्पनी को अपने 28-09-2022 के निर्णय से आदेश दिया कि निर्णय की तिथि से 30 दिन के अन्दर 50 लाख रूपये जो परिवाद दायर करने की तिथि 01-09-2020 से 6 प्रतिशत वार्षिक साधारण ब्याज सहित देय होगी का भुगतान परिवादिनी को करें। साथ ही 5 हजार रूपये वाद व्यय का भुगतान की परिवादिनी को करें।

# आपदा प्रबंधन केवल सरकारी दायित्व नहीं: वर्मा

कार्यालय संवाददाता




❑ यूथ रेडक्रास कमेटी ने किया आपदा प्रबंधन प्रशिक्षण शिविर का आयोजन

देहरादून। यूथ रेडक्रास कमेटी के चेयरमैन अनिल वर्मा द्वारा पेस्टालॉजी चिल्ड्रंस विलेज सोसायटी , श्यामपुर में आपदा प्रबन्धन का एक विशेष प्रशिक्षण शिविर आयोजित किया गया।

शिविर का उद्घाटन इंडियन रेडक्रास सोसायटी की नेशनल डिजास्टर वाटसन रिस्पांस टीम के सदस्य व मास्टर ट्रेनर अनिल वर्मा , पेस्टालॉजी चिल्ड्रंस सोसायटी की निदेशक चिमी पैल्डोन, पेस्टोरल ऑफिसर उपासना घाले तथा कु० शैलजा ने फीता काटकर किया।

अनिल वर्मा ने बतौर मुख्य प्रशिक्षक कहा कि आपदा प्रबंधन केवल सरकारी दायित्व नहीं है। शत्रु देश से युद्ध , आतंकवादी घटनाओं अथवा प्राकृतिक आपदाओं के दौरान आपातकालीन परिस्थितियों से निपटने के लिए सरकार का सहयोग करने के लिए आम जनता का प्रशिक्षित होना बेहद जरूरी है। वर्मा ने महिलाओं एवं पुरुषों को आपदाओं से पूर्व, दौरान तथा पश्चात लोगों के जान - माल की सुरक्षा के तरीकों का सैद्धांतिक व व्यावहारिक प्रशिक्षण दिया। शिविर में सर्च एण्ड रेस्क्यू में इमरजेंसी मैथड्स ऑफ रेस्क्यू के व्यावहारिक प्रशिक्षण के तहत हयूमन क्रैडल, ह्यूमन क्रच , क्लब्ड हैंड्स,पिक-अबैक, रिवर्स पिक - अबैक, क्लॉथ लिफ्ट , फायरमैन्स लिफ्ट , टो- ड्रैग, टू-थ्री -फोर हैंड्स सीट,फोर एण्ड आफ्ट मैथड व अन्य प्रशिक्षण दिया।

शिविर अध्यक्षा व संस्था की निदेशक चिमी पैल्डोन ने प्राथमिक चिकित्सा प्रशिक्षण शिविर की सफलता की सराहना करते हुए इसे युद्ध अथवा शांतिकाल में घर हो या बाहर प्रत्येक व्यक्ति के लिए अति उपयोगी बताया। उन्होंने उत्कृष्ट प्रशिक्षण प्रदान करने हेतु प्रशिक्षक अनिल वर्मा को सर्टिफिकेट ऑफ एप्रीसिएशन तथा पुरस्कार प्रदान करके सम्मानित किया।

शिविर का समापन टीम लीडर श्रीमती अनिला के नेतृत्व में रेस्क्यू तथा फर्स्ट एड के कुशल प्रदर्शन से हुआ।

# जमीन के नाम पर लाखों की धोखाधडी का आरोपी गिरफ्तार

संवाददाता



देहरादून। पुलिस ने जमीन के नाम पर लाखों रूपये की धोखाधडी करने के आरोपी को पुलिस ने अम्बाला से गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार राजपुर रोड निवासी रविन्द्र सिंह रावत ने कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि अतीक अहमद पुत्र मोबिन अहमद निवासी मेहूंवाला, सरदार मनजीत सिंह पुत्र दीदार सिंह निवासी ग्राम बिहटा, अम्बाला हरियाणा, वाहिद खान पुत्र ताहिर खान व मौहम्मद वासिद पुत्र हिदयातुल्लाह निवासी संसारपुर सहारनपुर के द्वारा षडयंत्र कर धोखाधडी देकर गलत कागजात बनाकर फर्जी मकान दिखाकर 42 लाख 18 हजार रूपये हडप लिये। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी। इसी दौरान अतीक अहमद, वाहिद खान व मौहम्मद वासिद ने न्यायालय से अपनी गिरफ्तारी के विरूद्ध स्टे ले लिया। जबकि मनजीत सिंह मुकदमें में वाछित चल रहा था। जिसको गिरफ्तार करने के लिए पुलिस की एक टीम अम्बाला भेजी गयी। पुलिस टीम ने सरदार मनजीत सिंह को उसके घर से गिरफ्तार कर लिया। जिसको न्यायालय में पेश किया गया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

# तीन दिवसीय राज्य स्तरीय उपवा दीपावली वेलफेयर मेला 18 से

संवाददाता

देहरादून। उपवा के तत्वाधान में पुलिस परिवार की महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाए जाने हेतु तथा उनके द्वारा तैयार किए गए उत्पाद सामग्री को एक मंच प्रदान किए जाने हेतु 18 से 20 अक्टूबर 2022 को पुलिस लाईन देहरादून में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय उपवा दीपावली वेलफेयर मेला 2022 का आयोजन किया जा रहा है।

आज यहां इसकी जानकारी देते हुए पुलिस महानिदेशक अशोक कुमार द्वारा बताया गया कि उत्तराखण्ड राज्य में पुलिस परिवारों से समन्वय स्थापित करने, मेल-जोल बढ़ाने, उन्हें आत्म निर्भर बनाने व उनकी समस्याओं, जरूरतों का समाधान करने तथा उनके कल्याणार्थ उत्तराखण्ड पुलिस वाईफ वेलफेयर एसोसिएशन (उपवा) का गठन किया गया है। उपवा संगठन पुलिस परिवार में समन्वय स्थापित करने व उनकी समस्याओं तथा जरूरतों का समाधान करने हेतु उत्तराखंड पुलिस वाइफ वेलफेयर एसोसिएशन आगे बढ़ चढ़कर कार्य कर रही है। उपवा पुलिस परिवार को शैक्षणिक आत्मनिर्भर बनाने, पुलिस परिवार की महिलाओं को व्यवसायिक प्रशिक्षण कार्यक्रमों व कार्यशालाओं के माध्यम से प्रशिक्षित करने, सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन करने, विधवा महिलाओं एवं दिव्यांग



और विशेष बच्चों के स्वास्थ्य की देखभाल करने का कार्य कर रही है। उन्होंने बताया कि उपवा के तत्वाधान में पुलिस परिवार की महिलाओं को आत्मनिर्भर एवं स्वावलंबी बनाए जाने हेतु तथा उनके द्वारा तैयार किए गए उत्पाद सामग्री को एक मंच प्रदान किए जाने हेतु 18 से 20 अक्टूबर 2022 को समय सुबह ग्यारह बजे से रात्रि नौ बजे तक पुलिस लाईन देहरादून में तीन दिवसीय राज्य स्तरीय उपवा दीपावली वेलफेयर मेला 2022 का आयोजन किया जा रहा है। पुलिस लाईन देहरादून में लगने वाले उपवा दीपावली वेलफेयर मेले में स्टाल के माध्यम से पुलिस परिवार की महिलाओं द्वारा निर्मित उत्पाद को विक्रय करने के लिए मंच प्रदान किया जा रहा है जहां हस्तशिल्प कला कृतियां, हस्तनिर्मित ऊनी कपडे, तांबे के बर्तन, उत्तराखंडी व्यंजन, ऐपन से निर्मित सजावटी सामान, मोस्टा रिंगाल से बने सामान, पूरी तरह से शुद्ध अचार, पापड, नमकीन व अन्य खाद्य सामग्री के स्टॉल लगाए जाएंगे। इसके अतिरिक्त इस मेले में उत्तराखंड के प्रत्येक जनपद से वहां की स्थानीय विशेषताओं से संबंधित उत्पाद के स्टाल भी लगाए जाएंगे। उपवा दीपावली मेले में उत्तराखंड की स्थानीय कंपनियां व स्वयं समूह भी अपने स्टाल लगा रही हैं। उन्होंने बताया कि मेले का शुभारम्भ श्रीमती गीता धामी पत्नी पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री, उत्तराखण्ड के कर कमलों द्वारा 18 को समय साढे बारह बजे पर तथा समापन 20 को समय सात बजे श्रीमती गुरमीत कौर, प्रथम महिला, उत्तराखण्डकी गरिमामय उपस्थिति में किया जायेगा। दिनांक 19.10.2022 को माताश्री मंगला द्वारा समय सात बजे दिव्यांग पुलिस कर्मियों व उनके परिजनों को कृत्रिम अंग व अन्य उपकरण वितरण किये जायेंगें।

बच्चों के लिए झूले, ट्रैफिक पार्क, साईबर थाना मेले की शोभा बढ़ायेंगे। दिनांक 18 को उत्तराखण्ड के प्रसिद्ध गायक पवनदीप राजन व दिनांक 19 को गौरव वॉयड (रैपर) अपनी मधुर आवाज से सभी का मन मोहने के लिए अपनी-अपनी प्रस्तुति प्रस्तुत करेंगे।इसके साथ-साथ पुलिस कर्मी व पुलिस परिवार द्वारा आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम आकर्षण का केन्द्र रहेंगे।

## फर्जी फेसबुक आईडी बनाने पर मुकदमा

देहरादून। फर्जी फेसबुक आईडी बनाने पर पुलिस ने अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सेलाकुई निवासी युवती ने सेलाकुई थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि किसी अज्ञात व्यक्ति के द्वारा उसकी फर्जी फेसबुक आईडी बनाकर लोगों से चैटिंग की जा रही है। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## दुष्कर्म कर अश्लील वीडियो सेंड करने के मामले में मुकदमा दर्ज

देहरादून (सं)। युवती से दुष्कर्म कर उसकी अश्लील वीडियों सेंड कर ब्लैकमेल करने के मामले में पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार हाथीबडकला निवासी युवती ने कैण्ट कोतवाली में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि उसकी पहचान कैनाल रोड निवासी मौहम्मद जराज पुत्र मौहम्मद इस्लाम से हुई थी। मौहम्मद जराज उसको राजपुर घुमाने के लिए ले गया जहां पर उसने एक होटल में उसके साथ जबरन दुष्कर्म किया तथा उसकी अश्लील वीडियो बना ली। जिसके बाद उसने उसकी वीडियो व्हटसएप पर सेंड कर उसको ब्लैकमेल करना शुरू कर दिया। उसने जब उसका विरोध किया तो उसने उसको जान से मारने की धमकी दी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

# सारी तैयारियां पूरी, अब है मां लक्ष्मी जी का इंतजार: गोयल

संवाददाता

देहरादून। भारतीय वैश्य महासंघ के द्वारा मां लक्ष्मी जी की महाआरती का आयोजन 16 अक्टूबर को जीएमएस रोड पर होगा।

आज यहां भारतीय वैश्य महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष विनय गोयल ने बताया कि 16 अक्टूबर की सायं से जीएमएस रोड स्थित फार्म हाउस पर आयोजित की जा रही मां लक्ष्मी जी की महाआरती की सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं तथा सभी कार्यकारिणी सदस्यों को जिम्मेवारी भी बांट दी गई है। अब तो बस मां लक्ष्मी जी के आगमन की प्रतीक्षा है। महानगर अध्यक्ष विनोद गोयल और महामंत्री विवेक अग्रवाल ने बताया कि इस बार संरक्षक



सांसद नरेश बंसल के विशेष आग्रह पर भाजपा के राष्ट्रीय महासचिव कैलाश विजयवर्गीय,मुख्यमन्त्री पुष्कर सिंह धामी अध्यक्ष महेंद्र भट्ट ,सांसद टिहरी माला राज्यलक्ष्मी शाह, अन्य मंत्रीगण मेयर विधायक आदि भी महाआरती में सम्मिलित होकर प्रदेश की सुख समृद्धि की कामना करेंगें। संस्था के संयोजक राजेंद्र गोयल ने बताया कि इस बार कार्यक्रम में आने वाले सभी परिवारों का पंजीकरण किया जाएगा और उन्हें पूजा-आरती की थाली भेंट की जाएगी। महाआरती के पश्चात मां लक्ष्मी खजाने का विवरण करेंगी।



## एक नजर

# पक्षी से टकरा गई अकासा एयर की फ्लाइट, सभी यात्री सुरक्षित

मुंबई। मुंबई से बेंगलुरू जाने वाली फ्लाइट शनिवार को एक पक्षी की चपेट में आ गई। अकासा एयर क्यूपी-1103 की फ्लाइट आज बड़ी दुर्घटना होने से बच गई। मुंबई से बेंगलुरू जाते समय फ्लाइट एक पक्षी से टकरा गई। जिसके चलते बड़ा हादसा हो सकता था। गनीमत है कि किसी तरह की कोई जनहानि नहीं हुई। सभी यात्री सुरक्षित हैं। फ्लाइट सकुशल मुंबई एयरपोर्ट लौट गई। बता दें कि




हाल ही में शुरू हुई अकासा एयर जल्द ही अपने यात्रियों को विशेष सुविधा मुहैया कराने जा रहा है। अकासा एयर में सफर करने वाले यात्रियों को जल्द ही अपने साथ अपने पालतू जानवर को ले जाने की भी इजाजत मिलेगी। अपने पालतू जानवरों को साथ ले जाने के लिए 15 अक्टूबर से अकासा एयर टिकटों की बुकिंग का विकल्प मुहैया कराने जा रहा है। हालांकि यात्री 15 अक्टूबर से अपने साथ अपने पालतू के लिए भी टिकटों की बुकिंग कर सकते हैं, लेकिन पालतू जानवरों के साथ अकासा एयर की पहली उड़ान 1 नवंबर से शुरू होगी। गौर करने वाली बात है कि एयर इंडिया, जेट एयरवेज, स्पाइसजेट, विस्तारा पहले से ही अपने यात्रियों को यह सुविधा दे रहा है। इंडिगो और एयर एशिया ही सिर्फ दो एयरलाइंस हैं जो इस सुविधा को नहीं मुहैया करा रही हैं। हालांकि अगर व्यक्ति को दिखाई नहीं देता है तो गाइड डॉग को साथ ले जाने की अनुमति इन विमानों में है।

# हमारी लड़कियों को पहनने दो हिजाब, तुम चाहो तो पहनो बिकनी:ओवैसी

नई दिल्ली। ऑल इंडिया इत्तेहादुल मुस्लिमीन के चीफ और सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने हिजाब बैन को लेकर एक विवादित बयान दिया है। उन्होंने कहा है कि हमारी लड़कियों को आप हिजाब पहनने दो और अगर आप चाहो तो आप बिकनी पहन लो। असदुद्दीन ओवैसी का यह बयान तब सामने आया है जब सुप्रीम कोर्ट ने हिजाब बैन को लेकर एक बंटा हुआ फैसला सुनाया है। ऐसे में इस मुद्दे को लेकर असदुद्दीन ओवैसी ने केन्द्र सरकार को भी निशाना साधा है। सुप्रीम कोर्ट द्वारा हिजाब बैन को लेकर बटे हुए फैसले पर बोलते हुए सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने कहा, श्अगर मुस्लिम महिलाएं अपना सिर ढकना चाहती हैं, इसका मतलब यह नहीं है कि वह अपनी विद्वता छिपा रही हैंश एआईएमआईएम के चीफ ने आगे कहा, श्वे कहते हैं कि मुसलमान छोटे बच्चों को हिजाब पहनने के लिए मजबूर कर रहे हैं। क्या हम वाकई अपनी लड़कियों को मजबूर कर रहे हैं? हमारी बेटियों को हिजाब पहनने दो, अगर तुम चाहो तो अपनी बिकनी पहन लो...। गोलकुंडा किले में एक सभा को संबोधित करते हुए ओवैसी ने कहा, श्जब एक हिंदू, एक सिख और एक ईसाई छात्र को अपने धार्मिक कपड़ों के साथ कक्षा में प्रवेश करने की अनुमति दी जाती है और एक मुस्लिम को रोका जाता है, तो वे मुस्लिम छात्र के बारे में क्या सोचते हैं? जाहिर है, वे सोचेंगे कि मुसलमान हमसे नीचे हैं। एक दिन ऐसा भी आएगा जब हिजाब पहनी हुई एक लड़की इस देश की प्रधानमंत्री होगी।

# पाकिस्तान में पूर्व चीफ जस्टिस की गोली मारकर हत्या

कराची। पाकिस्तान में हाईकोर्ट के पूर्व चीफ जस्टिस की गोली मारकर हत्या कर दी गई है। पाकिस्तानी मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, बलूचिस्तान प्रांत के उच्च न्यायालय के पूर्व मुख्य न्यायाधीश की शुक्रवार को एक मस्जिद के बाहर गोली मारकर हत्या कर दी गई। बलूचिस्तान के खारान के पुलिस अधीक्षक आसिफ हलीम ने डॉन को बताया कि, हमलावरों ने खारन इलाके में मस्जिद के बाहर रिटायर्ड चीफ जस्टिस मुहम्मद नूर मस्कानजई पर गोलियां



चलाईं, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए और अस्पताल ले जाते वक्त उनकी मौत हो गई। डॉन की रिपोर्ट में कहा गया है कि, पूर्व मुख्य न्यायाधीश को नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां उनकी मौत हो गई। बलूचिस्तान के मुख्यमंत्री मीर अब्दुल कुदूस बिजेंजो ने षनिडर न्यायाधीशष की मृत्यु पर शोक व्यक्त करते हुए कहा कि, उनकी सेवाएं ष्अविस्मरणीयष् थीं। मुख्यमंत्री बिजेंजो ने कहा कि, ष्शांति के दुश्मनों के कायरतापूर्ण हमले राष्ट्र को डरा नहीं सकते।

# व्यापारी के घर दिन दहाड़े हथियारबंद बदमाशों ने डाली डकैती

हमारे संवाददाता

देहरादून। राजधानी देहरादून में बदमाशों के हौंसले कितने बुंलद हो चुके है इसकी बानगी आज डोईवाला क्षेत्र में सामने आयी है। यहां दिन दहाड़े हथियारबंद बदमाशों ने एक व्यापारी के घर पर धावा बोलकर लाखों की डकैती की वारदात को अंजाम दिया है।

जानकारी के अनुसार आज सुबह लगभग 11 बजे यहां के जाने-माने व्यापारी शीशपाल अग्रवाल उर्फ कोली के घर पर हथियार बंद बदमाशों ने लाखों की डकैती की वारदात को अंजाम दिया गया है। शीशपाल अग्रवाल कैबिनेट मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल के रिश्तेदार बताये जा रहे हैं। बताया जा रहा है कि व्यापारी शीशपाल अग्रवाल उर्फ कोली डोईवाला चौक पर स्थित अपनी दुकान पर मौजूद थे। इस



लाखों की नगदी व ज्वैलरी ले गये डकैत

दौरान आधा दर्जन से अधिक नकाबपोश बदमाश शीशपाल कोली के घराट रोड स्थित घर पर पहुंचे। जहां इन डकैतों ने घर पर पहुंचने के बाद स्वयं को शीशपाल का रिश्तेदार बताया और 10 मिनट रुकने की बात कही, इसके बाद यह डकैत घर के भीतर प्रवेश कर गए। जब यह डकैत शीशपाल अग्रवाल के घर पर पहुंचे उस वक्त घर पर उनकी पत्नी ममता के अलावा दो नौकरानियां उपस्थित थी जो इन डकैतों के हाथों में तमंचे व चाकू देखकर घबरा गई। डकैतों द्वारा घर में मौजूद इन तीनों महिलाओं को बंधक बना दिया गया।

शीशपाल अग्रवाल की पत्नी ममता के अनुसार उन डकैतों के पास घर से जुड़ी कई अहम जानकारियां थी। बदमाशो को पता था कि उनका पति कितने बजे दुकान पर आते जाते है। बताया कि बदमाश लगभग डेढ़ घंटा घर पर रूके और इस दौरान उन्होने घर की आलमारियां, लॉकर, डबल बेड के बॉक्स खंगाले और नगदी व ज्वैलरी लेकर फरार हो गये। डोईवाला क्षेत्र में दिन दहाड़े डकैती की वारदात की खबर सुनकर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी है।

## दूसरी महिला से इश्क के कारण पति ने की गर्भवती पत्नी की हत्या

हमारे संवाददाता

हरिद्वार। दूसरी महिला से इश्क का भूत कुछ ऐसा चढ़ा कि एक व्यक्ति ने अपनी गर्भवती पत्नी की ही गला घोट कर हत्या कर दी। सूचना मिलने पर पुलिस ने आरोपी पति को हिरासत में लेकर उससे पूछताछ शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार लक्सर कोतवाली क्षेत्र के रामपुर रायघटी गांव निवासी रविंद्र की शादी 2020 में खान के कलसिया गांव निवासी काजल के साथ हुई थी। शादी के बाद दोनो का एक पुत्र भी है। बताया जा रहा है कि काजल के पति रविन्द्र का एक अन्य महिला से प्रेम प्रसंग चल रहा है। जिसका काजल विरोध करती थी। बीती रात भी पति-पत्नी के बीच इस बात को लेकर विवाद हुआ। जिसके बाद आवेश में आकर रविन्द्र ने अपनी पत्नी काजल का गला घोटकर हत्या कर दी। साथ ही उसने अपने परिजनों को बताया कि काजल की बैड से गिरकर तबियत खराब हो गयी है। जिस पर उसे चिकित्सक के पास ले गये जहां उसे मृत घोषित कर दिया गया। सूचना मिलने पर जब मृतका के परिजन मौके पर पहुंचे तो उन्होने मृतका के गले पर गहरे निशान होने की सूचना पुलिस को दे दी। जिस पर पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को कब्जे में लेते हुए आरोपी पति को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है।

# 50 हजार लेकर दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने आया व्यक्ति गिरफ्तार

संवाददाता

देहरादून। 50 हजार रूपये लेकर दूसरे के स्थान पर परीक्षा देने आये व्यक्ति को पुलिस ने गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मुकदमा दर्ज कर उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।



प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना डोईवाला पर पुष्पेंद्र कुमार पुत्र राम अवतार निवासी कुआंवाला थाना डोईवाला जनपद देहरादून में एक लिखित तहरीर दी कि आईटीजेड इंस्टिट्यूट कुँआवाला मे एसएससी दिल्ली पुलिस की परीक्षा आयोजित की गयी। उक्त परिक्षा की द्वितीय पाली में सूरज कुमार पुत्र सुभाष चौधरी निवासी मोहम्मदपुर मोर खुर्द, मेरठ, उत्तर प्रदेश की परीक्षा थी। प्रवेश द्वार पर चेकिंग के दौरान जब आधार कार्ड से अटेंडेंस शीट पर लगी फोटो से मिलान किया गया तो फोटो का मिलान नहीं हुआ, जिस पर चौंकिग अधिकारी इस सम्बन्ध मे उपरोक्त व्यक्ति से पूछताछ की गई तो उसने अपना नाम अभय कुमार पुत्र राजनंदन सिंह निवासी राजगीर जिला नालंदा बिहार बताया एवं यह भी बताया कि वह सूरज कुमार के स्थान पर परीक्षा देने आया है तथा सूरज के स्थान पर परीक्षा देने के लिए 50 हजार रुपये उसकी लेन-देन की बात हुई है। पुलिस ने तत्काल मुकदमा दर्ज कर आरोपी को नियमानुसार गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने उसको न्यायालय में पेश किया जहां से उसको न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया।

## मोबाइल लूटेरों ने पत्थर मारकर किया घायल

संवाददाता

देहरादून। मोबाइल लूट कर भाग रहे लूटेरों का पीछा करने पर एक ने पत्थर मारकर पीडित को घायल कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार सारथी विहार निवासी सुरजीत सिंह ने नेहरू कालोनी थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह रिस्पना पुल पर पैदल मोबाइल पर बात करते हुए जा रहा था तभी दो युवक उसके पास आये और उसके हाथ से मोबाइल छीनकर वहां से भाग खडे हुए। उसने जब उनका पीछा किया तो एक लूटेरे पर उसके सिर पर पत्थर मारकर उसको घायल कर दिया। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

## स्कूटी चोरी

संवाददाता

देहरादून। चोरों ने खुले स्थान से स्कूटी चोर कर ली। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

प्राप्त जानकारी के अनुसार तुनवाला निवासी रश्मि बिष्ट ने रायपुर थाने में मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया कि वह किसी काम से रायपुर बाजार गयी थी उसने अपनी स्कूटी आर्डिनेस फैक्ट्री के पास खडी की थी लेकिन जब वह थोडी देर बाद वापस आयी तो उसने देखा कि उसकी स्कूटी अपने स्थान से गायब थी। पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी।

आर.एन.आई.- 59626/94

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक श्रीमती पुष्पा कांति कुमार द्वारा दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग घंटाघर, देहरादून से प्रकाशित तथा अवि प्रिंटर्स 21 ईसी रोड, देहरादून से मुद्रित।

*प्रधान संपादक*
**कांति कुमार**

*संपादक*
**पुष्पा कांति कुमार**

*समाचार संपादक*
**आनंद कांति कुमार**

कानूनी सलाहकारः
वी के अरोड़ा, एडवोकेट
बैजनाथ, एडवोकेट

कार्यालयः दिग्विजय सिनेमा बिल्डिंग देहरादून।
मो. 9358134808

*नोटः सभी विवादों के लिये देहरादून न्यायालय ही मान्य होगा, प्रकाशित सामग्री के लिए प्रिंटर्स की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।*